संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 19 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 107 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए लोकभवन में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित किया।

## आजीवन राकांपा में ही रहूंगाः अजित पवार



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने मंगलवार को कहा कि वे आजीवन राकांपा में ही रहेंगे। मेरे और मेरे साथियों के बारे में बेवजह गलतफहमियां फैलाई जा रही हैं। इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। इसी के साथ अजीत पवार ने पार्टी छोड़ने संबंधी चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। अजित पवार ने कहा कि आज वे विधानभवन में बैठे थे और पार्टी के कई विधायकों ने उनसे मुलाकात की। इसका यह अर्थ नहीं कि वे सब पार्टी छोड़ने वाले हैं। विधायक अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उनसे मुलाकात करते हैं, जिसका अलग और गलत अर्थ लगाया जा रहा है। अजीत पवार ने कहा कि हम सब राकांपा में हैं, सभी विधायक राकांपा में रहेंगे।

## अरुणाचल में बौद्ध अनुयाइयों का नेशनल कॉन्फ्रेंस



**टीम एक्शन इंडिया/तवांग**
**अरुणाचल** प्रदेश में भारत-चीन सीमा पर बसे आखिरी गांव जेमिथांग में सोमवार को गोरसम स्तूप में नालंदा बौद्ध धर्म पर राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इसे चीन को भारत और बौद्ध अनुयायियों की ओर से संदेश के रूप में देखा जा रहा है। चीन ने 15 दिन पहले चीन ने अरुणाचल की 11 जगहों के नाम बदले थे। तवांग जिले में नालंदा बौद्ध परंपरा के तहत बुद्धिस्ट नेशनल कॉन्फ्रेंस हुई। जिसमें सीएम पेमा खांडू ने शिरकत की। इस कॉन्फ्रेंस में रिनपोछे, गेहेस, खेनपोस के प्रतिनिधि और सभी हिमालयी राज्यों हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर (पद्दार-पांगी), सिक्किम, उत्तर बंगाल (दार्जिलिंग, डोर, जयगांव और कलिम्पोंग), विभिन्न हिस्सों जैसे तूतिंग, मेचुका, ताकसिंग और अनिनी से 35 प्रतिनिधि शामिल हुए।

## कर्नाटक में मुस्लिम कोटा विवाद- अगली सुनवाई 25 अप्रैल को



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कर्नाटक** की बसवराज बोम्मई सरकार ने राज्य में मुस्लिम ओबीसी का 4% आरक्षण खत्म कर दिया। इस कोटे को वोक्कालिगा और लिंगायत के बीच बराबर दो-दो फीसदी बांट दिया। सरकार के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई को 25 अप्रैल तक टाल दिया। कर्नाटक सरकार की तरफ से पेश हुए एसजी तुषार मेहता ने जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच से फैसला टालने की मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार अगली तारीख तक विवादित निर्णय के आधार पर नई नियुक्तियां नहीं करेगा। इसके पहले 13 अप्रैल को भी सुप्रीम कोर्ट में इस केस की सुनवाई हुई थी।

# अभी भी सुलग रहा प्रयागराज !

### अतीक अहमद के वकील के नहीं बल्कि पड़ोसी के घर हुआ बम हमला, गुड्डू मुस्लिम के घर पर चल सकता है बुलडोजर, नोटिस में गुड्डू मुस्लिम को सरेंडर करने के लिए 18 अप्रैल तक का समय दिया गया, अतीक का धमकी भरा व्हाट्सऐप चैट वायरल

**सनसनी**

= बम विस्फोट से धुआं फैल गया। सड़क पर और वकील दयाशंकर के घर के अंदर बम से निकले छर्रे बिखर गए

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**प्रयागराज में** हुई माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद दोनों से जुड़ी तमाम तरह की बातें मीडिया में आग की तरह फैली हुई हैं। इसी क्रम में मंगलवार को एक घटना ऐसी घटी, जिसमें अतीक अहमद और उसके वकील का नाम जोड़ दिया गया। बताया गया कि अतीक अहमद के वकील दयाशंकर मिश्र के घर के बाहर बम से हमला हो गया, लेकिन जब मामले की जांच की गई तो सच्चाई सामने आई। दरअसल, प्रयागराज के कटरा में गोबर गली में अतीक अहमद के वकील दयाशंकर मिश्रा के मकान के बाहर मंगलवार दोपहर बम धमाके हुए। दो अज्ञात लोगों ने वकील के घर के बाहर तीन बम पटके, जिनसे जोरदार धमाका हुआ। उस वक्त घर में वकील दयाशंकर नहीं थे। बम हमले में घर को कोई नुकसान नहीं हुआ और न कोई घायल हुआ, लेकिन मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। बम विस्फोट से धुआं फैल गया। सड़क पर और वकील दयाशंकर के घर के अंदर बम से निकले छर्रे बिखर गए। यह खबर इंटरनेट पर आग की तरह फैल गई कि वकील दयाशंकर के घर पर बम से हमला हुआ है।

**शाइस्ता की तलाश में प्रयागराज में दबिशः** उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी गुड्डू मुस्लिम के घर पर बुलडोजर चल सकता है। प्रयागराज प्राधिकरण ने गुड्डू के घर पर एक नोटिस चस्पा किया है। नोटिस में गुड्डू मुस्लिम को सरेंडर करने के लिए 18 अप्रैल तक का समय दिया गया है। नोटिस के अनुसार 18 अप्रैल तक सरेंडर नहीं हुआ तो प्राधिकरण घर गिरा देगा। गुड्डू मुस्लिम पर 5 लाख का इनाम है। उधर, अतीक की पत्नी 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन के छुपे होने की सूचना पर धूमनगंज के मरियाडीह व भरेठा में पुलिस ने दबिश दी है।



### लेटर में क्या लिखा, मुझे जानकारी नहीं: वकील

**अतीक** के वकील विजय मिश्रा ने कहा कि जेल में मुलाकात के दौरान मुझसे भी अशरफ ने ऐसा कहा था। हालांकि वो लेटर किसके पास है, क्या लिखा है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है। विजय के मुताबिक अशरफ को शक था कि ये सब कौन करवाने वाला है, लेकिन उसने उस आदमी का नाम नहीं लिया। जब वो जिला जेल बरेली अशरफ से मिलने गए थे तो उन्होंने इस घटना के बारे में अशरफ से पूछा था। विजय के मुताबिक अशरफ ने उनसे कहा था, आप मेरे वकील हैं। मैं आपको नहीं बताऊंगा।

### अतीक-अशरफ हत्याकांड में एसआईटी ने जांच शुरू की

**अतीक-अशरफ** हत्याकांड में मंगलवार को एसआईटी ने जांच शुरू कर दी है। एसआईटी ने पुलिस से एफआईआर की कॉपी ले ली है। इसके बाद गवाहों के बयान दर्ज करेगी। इसके अलावा, क्राइम सीन को रीक्रिएट कर सकती है। यही नहीं, तीनों हमलावर लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य से पूछताछ के लिए रिमांड एप्लिकेशन दाखिल करेगी। इधर, हत्याकांड की सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की देखरेख में जांच की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 24 तारीख को सुनवाई करेगा।

### शाइस्ता परवीन का वो आखिरी खत...: पति-देवर के भी मर्डर का डर था



**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**उमेश** पाल की हत्या के ठीक 3 दिन बाद 27 फरवरी 2023 को माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन ने सीएम योगी को एक पत्र लिखा था। ऐसा दावा सोशल मीडिया पर वायरल एक लेटर को लेकर किया जा रहा है। पत्र में उन्होंने उमेश पाल मर्डर केस की सीबीआई जांच की मांग की थी। अपने बेटों के एनकाउंटर की आशंका जताई थी। इस खत के ठीक 47 दिन बाद उमेश की हत्या में शामिल रहे बेटे असद का 14 अप्रैल को एनकाउंटर हो गया। ठीक एक दिन बाद 48वें दिन शाइस्ता परवीन के शौहर अतीक अहमद और देवर अशरफ की पुस्लिस कस्टडी में गोली मारकर हत्या कर दी गई। अब एक बार फिर शाइस्ता परवीन का सीएम को लिखा यह लेटर वायरल हो रहा है। अतीक अहमद के अधिवक्ता और उमेश पाल अपहरण केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे खान सौलत हनीफ ने उस दौरान बताया था कि यह पत्र शाइस्ता परवीन की ओर से सीएम के पोर्टल पर भेजा गया था। इस पत्र में बसपा से जुड़ीं शाइस्ता परवीन ने लिखा है कि उमेश पाल हत्याकांड से उसके परिवार का कोई लेना-देना नहीं है। उनके दो नाबालिग बेटों को पुलिस कई दिन से उठाए है। उनके बच्चों की जान को खतरा है। पत्र में आरोप लगाया था कि पुलिस उनके बेटों का एनकाउंटर कर सकती है।

## सेम सेक्स मैरिजः 'कोर्ट-संसद इस पर फैसला करेंगे'

### यह कवायद अगली पीढ़ियों के लिए, अदालत और संसद इस पर फैसला करेंगेः चीफ जस्टिस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेम सेक्स** मैरिज को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली 15 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 19 अप्रैल को दोबारा होगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली की पांच जजों की संवैधानिक बेंच इन पर सुनवाई कर रही है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और सेम सेक्स मैरिज के पक्ष में लगाई गई याचिकाओं की पैरवी मुकुल रोहतगी ने की। पहले दिन सुबह 11 बजे से शुरू हुई सुनवाई पहले दोपहर 1 बजे तक चली फिर लंच के बाद दो बजे से 4 बजे तक हुई।

**केंद्र सरकारः** सॉलिसिटर जनरल एसजी मेहता ने कहा कि सेम सेक्स मैरिज का मुद्दा ऐसा नहीं है, जिस पर एक पक्ष में बैठे 5 लोग, दूसरे पक्ष में बैठे 5 लोग और बेंच पर बैठे 5 विद्वान बहस कर सकें। इसमें दक्षिण भारत के किसान और उत्तर भारत के बिजनेसमैन का भी नजरिया जानना होगा।

**जिरह**

= सेम सेक्स मैरिज का मुद्दा ऐसा नहीं है, एक पक्ष में बैठे 5 लोग, दूसरे पक्ष में बैठे 5 लोग और बेंच पर बैठे 5 विद्वान बहस कर सकें

**केंद्र सरकारः** हम अभी भी इन याचिकाओं के आधार पर सवाल कर रहे हैं, क्योंकि हो सकता है कि इस मामले पर सभी राज्य एकराय न हों। हम अभी भी यही कह रहे हैं कि क्या इस मुद्दे पर कोर्ट खुद फैसला ले सकती है।

**सुप्रीम कोर्टः** हम जानना चाहते हैं कि याचिकाकर्ता क्या दलीलें दे रहे हैं। देखते हैं कि याचिकाकर्ता और हमारे दिमाग में क्या चल रहा है।

**केंद्र सरकारः** यह बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है।

## पीएम मोदी के 'विजन 2047' को साकार करने में जुटे शाह




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के चिंतन शिविर की अध्यक्षता की। चिंतन शिविर का उद्देश्य मंत्रालय के काम की समीक्षा करना और पीएम मोदी के 'विजन 2047' को लागू करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करना है। बता दें कि चिंतन शिविर में दो सत्रों में चर्चा हो रही है।

**पीएम मोदी के 'विजन 2047' को साकार करने में जुटे शाहः** केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'चिंतन शिविर' में पीएम मोदी के विजन-2047 को लागू करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने से पहले गृह मंत्रालय के काम की भी समीक्षा की।

## ज्ञानवापी मस्जिदः मुसलमानों के वजू के लिए अलग से वैकल्पिक व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**ज्ञानवापी** मस्जिद में मुसलमानों के लिए वजू (हाथ पैर,कुहनियों को धोने) की व्यवस्था वाराणसी जिला प्रशासन की ओर से की जायेगी। इसके लिए ज्ञानवापी में अलग से वैकल्पिक व्यवस्था होगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मंगलवार को जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंध कमेटी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में तय हुआ कि वजू के लिए अलग से एक टंकी स्थापित की जाएगी। मोबाइल टायलेट के बारे में भी चर्चा हुई। सुप्रीम कोर्ट ने बीते सोमवार को रमजान माह में मुसलमानों की दिक्कतों को देखते हुए वजू को लेकर वाराणसी जिला प्रशासन को आदेश दिया था कि अंजुमन इंतजामिया कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक कर इस मामले मे सर्वमान्य हल निकाले। जिलाधिकारी ने बैठक के बाद मीडिया कर्मियों को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मस्जिद प्रबंधन के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं के संदर्भ में विस्तार से चर्चा हुई। उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जा चुका है।





## खत्म नहीं हो रहा गहलोत-पायलट में रार!

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**पूर्व डिप्टी** सीएम सचिन पायलट के अनशन पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पहली बार खुलकर अपनी राय रखी है। इस मामले पर उन्होंने कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के जरिए आलाकमान को जवाब भेजा है और पायलट पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए हमला बोला है। पायलट का कहना था कि पिछली वसुंधरा सरकार के समय हुए 45 हजार करोड़ के खान घोटाले सहित अन्य भ्रष्टाचार की जांच सीएम अशोक गहलोत ने नहीं कराई। इसे



लेकर उन्होंने 11 अप्रैल को अनशन भी किया था। इस पूरे मामले में गहलोत अब तक चुप्पी साधे रहे।

**पायलट को या तो जानकारी नहीं, या जनता को गुमराह कर रहे हैंः** गहलोत ने अपने जवाब में कहा- पायलट अनशन पर क्यों बैठे, यह समझ से परे है। जिन मुद्दों की वे बात कर रहे हैं, उन सभी पर सरकार कार्रवाई कर चुकी है। या तो पायलट को जानकारी नहीं है या फिर वो जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। डेढ़ साल तक सरकार में रहते हुए कभी पायलट ने ये मुद्दे नहीं उठाए। साढ़े चार साल तक इन आरोपों पर चुप रहे।

**खनन घोटाले पर 91 कार्रवाई हुईः** खनन आवंटन तो कांग्रेस के दबाव में भाजपा सरकार के दौरान ही रद्द कर दिए थे। तब कई लीजधारक हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट गए।

**कड़े प्रबंध** राष्ट्रपति के प्रवास को लेकर रिट्रीट से लेकर प्रदेश विश्वविद्यालय तक सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए

## चार दिन के प्रवास पर शिमला पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू गत दिवस को हिमाचल के चार दिवसीय प्रवास पर शिमला पहुंच गई हैं। वह छराबड़ा स्थित कल्याणी हैलीपैड पर हैलीकॉप्टर से हिमाचल प्रवास पर पहुंची। राष्ट्रपति शिमला के निकट मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास रिट्रीट में ठहरी हैं। राष्ट्रपति के प्रवास को लेकर रिट्रीट से लेकर प्रदेश विश्वविद्यालय तक सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन ने राष्ट्रपति के दौरे के दृष्टिगत आम लोगों के लिए बाकायदा एडवाइजरी भी जारी की है। राष्ट्रपति के दौरे के



दृष्टिगत 19 अप्रैल को कैनेडी चौक से बालुगंज सडक यातायात के लिए बंद रहेगी। उपायुक्त शिमला की ओर से जारी आदेशों के अनुसार इस सडक पर सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों का यातायात बंद रहेगा। आपातकाल वाहनों पर ये नियम लागू नहीं होंगे। द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार शिमला प्रवास पर पहुंची हैं। शिमला पहुंचने के एक दिन बाद कल 19 अप्रैल को वह प्रदेश विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति 10 मेधावियों को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित करेंगी। 20 अप्रैल को राष्ट्रपति के सम्मान में राजभवन में एक कार्यक्रम का आयोजन होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 21 अप्रैल को दिल्ली वापिस लौटेंगी। राष्ट्रपति का शिमला पहुंचने पर गर्मजोशी से किया स्वागत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के चार दिवसीय प्रवास पर मंगलवार को शिमला पहुंचने पर मशोबरा स्थित कल्याणी हेलीपैड पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति के साथ उनके परिजन भी उपस्थित रहे।

# मंडियों से गेहूं की उठान समय पर सुनिश्चित करें अधिकारी: सीएम

## बैठक में प्रशासनिक सचिव भी रहे मौजूद, अंबाला लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों में लंबित विकास परियोजनाओं की प्रगति की 15 दिनों में रिपोर्ट करें प्रस्तुत–मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली सभी विधानसभा क्षेत्रों में लंबित विकास परियोजनाओं की प्रगति से संबंधित आगामी 15 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, विधानसभा क्षेत्रों के जन प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध व्यक्ति भी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य को प्रगति पर लाने में सहयोग करें। मुख्यमंत्री अंबाला लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध व्यक्तियों और विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिवों के साथ विशेष बैठक की अध्यक्षता करे रहे थे। लगभग चार घंटे से अधिक चली इस मैराथन बैठक में प्रबुद्ध व्यक्तियों ने विकास परियोजनाओं व सरकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन संबंधी कठिनाइयों की जानकारी दी। बैठक में गृह मंत्री अनिल विज और स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल भी उपस्थित रहे।

**मंडियों से गेहूं की उठान समय पर सुनिश्चित करें अधिकारी:** बैठक में प्रबुद्ध व्यक्तियों द्वारा उठाये गए मंडियों में गेंहू उठान



में आ रही दिक्कत के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ज्यों ही मंडियों में गेहूं का तोल हो जाता है त्यों ही कम से कम समय में उठान सुनिश्चित करें। इसके लिए अधिकारी स्थानीय ट्रांसपोर्टर्स व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क रखें और आवश्यक दिशा-निर्देश दें। अधिकारी मंडियों का निरीक्षण भी करें और खरीद प्रबंधों का मौके पर जायजा लेकर समस्याओं का निवारण करें।

**समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें अधिकारी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की व्यक्तिगत व सार्वजनिक शिकायत व सुझाव तो सीएम विंडो के साथ - साथ जनसंवाद पोर्टल व मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मिल जाते हैं। प्रबुद्ध व्यक्तियों व उच्च अधिकारियों के साथ सीधा संवाद करने की आज से एक नई कवायद शुरू की है, इसलिए अधिकारी इसे गंभीरता से लें और समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ जी अनुपमा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) विभाग के प्रधान सचिव विजेंद्र कुमार, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, ओएसडी सुधांशु गौतम व भूपेश्वर दयाल उपस्थित रहे।

# विधायक नैना चौटाला ने साढ़े तीन घन्टें तक सुनी जिला वासियों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/चरखी दादरी/बाढड़ा**
बाढड़ा विधायक नैना सिंह चौटाला ने मंगलवार को दादरी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार लगाया। लगातार साढ़े तीन घंटे तक जिला वासियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए विधायक नैना चौटाला ने उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों को जन समस्याओं का समाधान शीघ्र करने के आदेश दिए। जनता दरबार से पहले विधायक नैना चौटाला ने उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बाढड़ा हल्के के विकास संबंधी अनेक मुद्दों पर चर्चा करते हुए समय बंद तरीके से लंबित कार्यों को पूरा करने के आदेश दिए। विधायक नैना चौटाला द्वारा लगाए गए जनता दरबार में बाढड़ा हल्का सहित पूरे जिलेभर से बड़ी संख्या में लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। लोगों की आशाओं को पूरा करते हुए विधायक नैना चौटाला ने मौके पर ही अधिकारियों को आदेश दिए कि जनसमस्याओं में के समाधान में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**दादरी और बाढड़ा मंडी पहुंच**

> 8 चुनाव में जीता कर जो कर्ज उन पर चढ़ाया है, उसे वो चक्रवर्धी ब्याज सहित वापस लौट का काम करेंगी

**फसल खरीद व्यवस्था का लिया जायजा:** विधायक नैना सिंह चौटाला ने मंगलवार को दादरी अनाज मंडी का दौरा कर फसल खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। अनाज मंडी पहुंचकर विधायक नैना सिंह चौटाला ने किसानों व आढ़तियों की समस्याओं की सुनवाई की। किसानों ने विधायक नैना चौटाला को बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से गेहूं की खरीद किसी तरह की कोई परेशानी नहीं आ रही है।

परंतु सरसों खरीद में कुछ परेशानियां का सामना आढ़तियों के साथ-साथ किसानों को भी करनी पड़ रही है। किसानों ने बताया की पिछले दिन में हुई भारी बरसात और ओलावृष्टि के कारण सरसों की गुणवत्ता में कुछ कमी आई है। जिस कारण खरीद एजेंसी द्वारा सरसों खरीदने में कुछ नियमों का हवाला देकर सरसों नहीं खरीद रही हैं। किसानों की परेशानी को समझते हुए विधायक नैना चौटाला ने मौके पर ही जिला उपायुक्त को फोन कर दिशा निर्देश दिए कि वह कल ही सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस समस्या का समाधान करें। और किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाए।

**गुडाना गांव का कर्ज चक्रवर्धी ब्याज सहित लौटाने का काम करूंगी:** बाढड़ा विधायक नैना सिंह चौटाला ने मंगलवार को गांव गुडाना में ग्रामीण सभा को संबोधित किया। गांव में पहुंचने पर महिलाओं ने फूल मालाओं से विधायक नैना सिंह चौटाला का जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने गांव के विकास संबंधी एक मांग पत्र नैना चौटाला को सौंपा।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए मांग पत्र की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए विधायक नैना सिंह चौहान ने कहा कि गांव गुड़ाना वासियों ने गत चुनाव में जीता कर जो कर्ज उन पर चढ़ाया है, उसे वो चक्रवर्धी ब्याज सहित वापस लौट का काम करेंगी। गांव के विकास में कोई कोर-कसर नहीं रहने दी जाएंगी।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज चंडीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचने पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते हुए। साथ में हैं पंजाब के राज्यपाल व यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित!

# सांसद सुनीता दुग्गल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनीता दुग्गल ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने जिला के विकास कार्यों व नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उठाए जा रहे सार्थक कदम को लेकर विस्तार से चर्चा की। गौरतलब है कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल ही में चंडीगढ़ में नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया था। सांसद दुग्गल ने नशे के खिलाफ सरकार के सहयोग को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री का आभार जताया और क्षेत्र में पूरी ऊर्जा के साथ काम करने का आश्वासन दिया।

# उकलाना क्षेत्र के लोगों की वर्षो पुरानी मांगे हुई पूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**जिला हिसार** के उकलाना शहर, उकलाना गांव व आसपास के क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी 2 बड़ी मांगें अब जल्द पूरी हो जाएंगी। श्रम मंत्री अनूप धानक ने बताया कि लगभग 6 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से भाखड़ा नहर से पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाई जाएगी। जिससे उकलाना गांव व शहर में भाखड़ा का पीने का पानी लाया जाएगा। इसी तरह से लगभग 45 करोड़ रुपए की लागत से उकलाना-भुना मुख्य मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया जाएगा। दोनों प्रोजेक्ट के टेंडर लगा दिए गए हैं और टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे। जिससे क्षेत्र के लोगों की वर्षों



पुरानी मांग पूरी हो जाएंगी। श्रम मंत्री अनूप धानक ने कहा कि उकलाना गांव व शहर के लोगों की वर्षों से मांग चली आ रही थी कि यहां पर भाखड़ा नहर से नई पाइप लाइन बिछाकर पीने का पानी लाया जाए। उन्होंने बताया कि लगभग 6 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से 7170 मीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जाएगी व एक वाटर टैंक बनाया जाएगा तथा वहीं पर पम्प सेट लगाया जाएगा। जिससे इस पाइपलाइन के माध्यम से भाखड़ा नहर से पीने का पानी उकलाना गांव व उकलाना शहर में पहुंचेगा। जिससे दोनों जगह की

> 8 6 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से भाखड़ा नहर से पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाई जाएगी

पीने के पानी की समस्या का स्थाई तौर पर समाधान होगा। श्रम मंत्री ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के लिए टेंडर लगाया जा चुका है और टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो जाएगा। उकलाना में चंडीगढ़-सिरसा मुख्य मार्ग पर बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज की कुल लम्बाई 1132 मीटर होगी और कुल 23 पिलर लगाए जाएंगे। पिलर से पिलर की दूरी 30 मीटर की होगी। रिटनिंग वाल की कुल लंबाई 383 मीटर होगी।

# पोलियो वैक्सीन की तरह अन्य दवाओं पर भी लगें वायल मोनिटर इंडीकेटर

## स्वास्थ्य मंत्री विज ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र, अब तक 162 मेडिकल स्टोरों के निरीक्षण में दस हुए सील

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** अनिल विज ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि जिस प्रकार से पोलियो वैक्सीन के भण्डारण के लिए उचित तापमान बनाए रखने और उचित तापमान से अधिक तापमान के भंडारण होने पर वायल मोनिटिर इंडीकेटर लगाए जाते है, उसी प्रकार से अन्य दवाओं जैसे कि एंटी-रेबिज वैक्सीन, इंसुलिन और टेटनेस इत्यादि की वायल पर भी वायल मोनिटर इंडीकेटर लगाए जाने चाहिए ताकि उनका उचित तापमान पर भंडारण सुनिश्चित किया जा सकें। मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री विज ने बताया कि उचित

> 8 एंटी-रेबिज वैक्सीन, इंसुलिन और टटनेस इत्यादि की वायल पर भी वायल मोनिटर इंडीकेटर लगाए जाने चाहिए

भंडारण की स्थिति को बनाए रखने के लिए, फॉर्म 20-बी और फॉर्म 21-बी पर लाइसेंस रखने वाले प्रत्येक लाइसेंसधारी को रेफ्रिजरेटर में डेटा लॉगर के साथ एक डिजिटल थमार्मीटर स्थापित करने के निर्देश जारी करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव को आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि रेफ्रिजरेटर को चौबीसों घंटे चलने वाली स्थिति में बनाए रखने के लिए परिसर में उचित पावर बैकअप भी होना चाहिए। स्टेट ड्रग कंट्रोलर ने




स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया कि कि एंटी-रेबीज वैक्सीन, इंसुलिन, टेटनस टॉक्साइड इत्यादि जैसी दवाओं के भंडारण की स्थिति के उचित रखरखाव की जांच करने के लिए विभाग द्वारा कोल्ड स्टोरेज यानी 2 डिग्री सेंटीग्रेड से 8 डिग्री सेंटीग्रेड की आवश्यकता होती है। उन्होंने आगे बताया कि अब तक 162 केमिस्ट दुकानों का निरीक्षण किया गया है, जिनमें से 10 को सील कर दिया गया है, जिनमें रेफ्रिजरेटर बंद पाए गए हैं। इसी कड़ी में गत रात्रि में दुकानें बन्द होने के उपरान्त बन्द हो चुकी दवा की दुकानों को खुलवाकर निरीक्षण किया गया जिसमे 03 केमिस्ट की दुकानों के रेफ्रीजरेटर बंद पाए गए और इन दुकानों को सील कर दिया गया है। इन दुकानों में अक्षय मेडिकोज, जखलाना, यमुना नगर, रविन्द्र मेडिकोज, जलबेरा रोड, अम्बाला सिटी एवं निशांत मेडिकोज स्टोर, जुंडला, करनाल है।

इसी प्रकार मंगलवार को अल सुबह अधिकरियों द्वारा दुकानें खुलने से पहले पहुंचकर दवा की दुकानों के खुलते ही जाँच की गयी जिसमें 03 दुकानों बालाजी मेडिकोज, शाहबाद रोड, साहा, अम्बाला, ओम मेडिकोज फूसगढ़ रोड, करनाल तथा रजत फार्मा, फूसगढ़ रोड, करनाल के रेफ्रीजरेटर बन्द पाये गये और इन तीनों दुकानों को भी सील कर दिया गया है। इस तरह से अब तक 10 दवा की दुकानों के रेफ्रिजरेटर बंद पाये जाने के कारण सील किया जा चुका है।



हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रतन लाल कटारिया का कुशलक्षेम जानते हुए।

# संत धन्ना भगत जयंती को लेकर लोगों में उत्साह: सुभाष बराला

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि संत श्री धन्ना भगत की राज्य स्तरीय जयंती मनाने के लिए लोगों में भारी उत्साह है। संतों ने समाज के सभी वर्गों के लिए सेवा करने की प्रेरणा देते हुए अनुकरणीय छाप छोड़ी है। वे मंगलवार को कैथल लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में इस विषय को लेकर बात कर रहे थे। इस मौके पर बीजेपी प्रदेश महामंत्री वेदपाल, जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, मीडिया कोर्डिनेटर रणदीप घनघस आदि मौजूद रहे। चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि 21 से 23 अप्रैल तक जिला के गांव धनौरी में धन्ना भगत की जयंती बड़ी धूम-धाम से मनाई जाएगी। आगामी 23 अप्रैल को भारत के उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे तथा



हरियाणा के मुक्रयमंत्री मनोहर लाल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि समारोह को सुचारू रूप से सक्वपन्न करवाने के दृष्टिगत जहां एक और पार्टी प्रबंधन पूरी व्यवस्था को कार्यरूप में परिणत करने में जुटा है, वहीं दूसरी और जिला प्रशासन के अधिकारी भी संदर्भित विषय को लेकर अपनी ड्यूटी को अमली जामा पहना रहे हैं। वर्तमान हरियाणा सरकार ऐसी पहली सरकार है जो धन्ना भगत की जयंती को राज्य स्तर पर मनाने जा रही है। 21 से 23 अप्रैल तक धन्ना जाट से लेकर संत धन्ना भगत तक के जीवन चित्र पर प्रकाश डालती हुई प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। समारोह स्थल पर आध्यात्मिक और पौराणिक परिवेश को प्रदर्शित और परिभाषित करता हवन यज्ञ भी किया जाएगा।

# धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के कण-कण में छिपा इतिहास व धरोहर: धुमन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के कण-कण में इतिहास, विरासत और धरोहर नजर आती है। इस गीता स्थली कुरुक्षेत्र की धरोहरों को सहेजने का काम प्रदेश और केंद्र सरकार की तरफ से बखूबी किया जा रहा है। आज पूरे विश्व में कुरुक्षेत्र अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। इस धरा में सन्निहित सरोवर, ब्रह्मसरोवर, शेख चेहली मकबरा, ज्योतिसर तीर्थ, सरस्वती तीर्थ पिहोवा और 48 कोस की भूमि पर भी धरोहर और इतिहास नजर आते है। उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने प्रदेश वासियों की विश्व धरोहर दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व विरासत दिवस प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को दुनिया भर में मनाया जाता है।


# कन्या महाविद्यालय पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**मंगलवार** को खरखौदा के कन्या महाविद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह को कॉलेज प्राचार्या डॉ योगिता मलिक की अध्यक्षता तथा डॉ प्रमिला ,एसोसिएट प्रोफेसर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान वेद प्रकाश दहिया व विशिष्ट अतिथि प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य उपप्रधान सतवीर दहिया, सचिव नीरज दहिया, उप सचिव कुलदीप दहिया ,कोषाध्यक्ष राजेंद्र गणोत्रा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया इसके बाद प्राचार्य डॉ योगिता मलिक और कार्यक्रम की संयोजिका डॉ प्रमिला, डॉ दर्शना, डॉ सीमांत, डॉ नमिता ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया और सचिव नीरज दहिया, डॉ सुमित, डॉ प्रदीप,



डॉ विजय दीप एवं ईश्वर ने अन्य उपस्थित गणमान्य मेहमानों को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम प्राचार्या डॉक्टर योगिता मलिक जी ने महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद छात्राओं द्वारा रैंप वॉक शो प्रस्तुत किया गया जिसमें कम्युनिटी कॉलेज की छात्राओं ने स्वयं से बनाए गए परिधानों को रैंप वॉक के माध्यम से प्रदर्शित किया। इसके बाद शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाली स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति के प्रधान वेद प्रकाश दहिया ने किरण गर्ग को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में बीकॉम में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर तथा अंजलि को मेरिट सूची में सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर 5100/- 5100/- की छात्रवृत्ति प्रदान की। इसके अतिरिक्त नैंसी को एमकॉम प्रीवियस में महाविद्यालय की मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100/- की छात्रवृत्ति दी गई। साथ ही विभिन्न संकायों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की मेधावी और जरूरतमंद छात्राओं को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई। यह छात्रवृत्तियां उन महानुभावों और समाजसेवियों द्वारा दी जाती हैं जो स्वयं शिक्षाविद भी हैं और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमेशा अपना योगदान देने में तत्पर रहते हैं।

ऐसे शिक्षाविदों में आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले गणमान्य विभूतियों में पूर्व प्राचार्या डॉ सुरेश बूरा, धर्मपाल रोहिल्ला (कॉलेज प्रबंधन समिति के पूर्व सचिव), ओम प्रकाश दहिया, डॉक्टर आर के लठवाल, ईश्वर सिंह दहिया आदि शामिल रहे। सभी संकायों की बीए, बीकॉम बीसीए, की अंतिम वर्ष की छात्राओं में से जिन्होंने शिक्षा के साथ-साथ दूसरी गतिविधियों में भी अच्छा प्रदर्शन किया उन्हें सर्वश्रेष्ठ छात्रा के सम्मान से नवाजा गया।









# दिल्ली में 70 हजार और स्ट्रीट लाइट्स लगेगी

## राजधानी की हर गली-सड़क से अंधेरा दूर करेगी केजरीवाल सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**राष्ट्रीय** राजधानी को बेहतर बनाने की दिशा में एक ओर कदम बढ़ाते हुए केजरीवाल सरकार, मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना के तहत दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में 70 हजार और स्ट्रीट लाइट लगाने जा रही है। जहां इस योजना के तहत जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पहले केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में करीब 2.1लाख स्ट्रीट लाइटें लगाने का लक्ष्य रखा था, अब इस योजना में लोगों की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए सरकार अंधेरे स्थलों को रोशन करने के लिए दिल्ली में अलग अलग इलाकों में 70 हजार अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट्स का फैसला किया है। इसे लेकर मंगलवार को शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अर्बन डेवलपमेंट विभाग को 2.1 लाख से बढ़ाकर अतिरिक्त 70 हजार स्ट्रीट लाइट्स लगाने की योजना को मंजूरी दी। साथ ही इस परियोजना को समयसीमा के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने और महिलाओं के खिलाफ अपराध कम करने के लिए यह एक प्रभावी कदम होगा।

**महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्धः** शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध हैं। साल 2019 में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत दिल्ली में दो लाख दस हजार स्ट्रीट लाइटें लगाने का लक्ष्य रखा गया। स्ट्रीट लाइट्स लगाने की जिम्मेदारी तीनों अलग-अलग कंपनियों को दी गई थी। इसमें 10, 20 व 40 वाट की एलईडी लाइट लगाई जा रही है। वर्तमान में योजना के तहत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के ज्यादातर डॉर्क स्पॉट में स्ट्रीट लाइट्स लगाई जा चुकी है और कुछ इलाकों में स्ट्रीट लाइट्स लगाने का कार्य अंतिम चरण पर है। अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देशों पर हमने हर दिल्ली में अलग अलग इलाकों में 70 हजार अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट्स लगाने का फैसला लिया है। जिससे दिल्ली के ब्लैक स्पॉट्स को जल्द खत्म करने में मदद मिलेगी।



### पहले पोल लगाने की अनुमति मिलने में होती थी परेशानी

**मुख्यमंत्री** स्ट्रीट लाइट के तहत स्थानीय विधायक लोगों के सहयोग से अंधेरे स्थलों को चिह्नित किया जाता है। भवन मालिक की अनुमति लेने के बाद बिजली कंपनी सर्वे करती है। सर्वे में स्थान बिजली कंपनी की ओर से पास होने के बाद स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाती है। बैठक के दौरान शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पहले चरण के बचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए तीनों कंपनियों को फंड जारी करने के भी निर्देश दिए। शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में प्रावधान के तहत रास्ते में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए एमसीडी से अनुमति आवश्यकता है। पहले पोल लगाने की अनुमति न मिलने में परेशानी होती थी। ऐसे में दिल्ली के कई इलाकों में स्ट्रीट लाइट न होने के चलते लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। केजरीवाल सरकार तमाम योजनाओं के तहत स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रयास पिछले काफी समय से कर रही थी।

# एलजी ने बिजली सब्सिडी के संबंध में स्पेशल ऑडिट कराने का दिया निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने विद्युत नियामक आयोग को डिस्कॉम को जारी की गई बिजली सब्सिडी के संबंध में वितरण कंपनियों का स्पेशल ऑडिट करने का निर्देश दिया है। एलजी विनय कुमार सक्सेना ने स्पेशल ऑडिट कराने का निर्देश यह सुनिश्चित करने के लिए कि सब्सिडी दिया है कि सब्सिडी सबसे पारदर्शी और कुशल तरीके से लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। बता दें कि दिल्ली के एलजी ने डिस्कॉम का स्पेशल ऑडिट कैग के पैनलबद्ध बाहरी ऑडिटर के माध्यम से करने का निर्देश दिया है।



खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने आगामी ईद-उल-फितर त्योहार के सफल आयोजन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ किया फील्ड निरीक्षण।

# सड़क पार कर रहे व्यक्ति को डीटीसी बस ने कुचला, मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिण पश्चिम जिले के आरके पुरम इलाके में बस की चपेट में आने से 25 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान सत्यम शर्मा पिता कमलेश शर्मा के रूप में की गई है। दरअसल, मृतक सड़क पार कर रहा था, तभी उसे डीटीसी बस ने टक्कर मार दी। जिसके बाद घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार डीटीसी की हरे रंग की 7737 नंबर की बस से यह दुर्घटना हुई है। घटना सुबह 8:00 बजे की बताई जा रही है। मृतक सत्यम शर्मा बीकाजी कामा पैलेस में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था।

# महापौर-उप महापौर चुनावः प्रत्याशियों ने नामांकन किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली नगर निगम के महापौर चुनाव के लियें पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दूसरी बार ग्रेटर कैलाश वार्ड से चुनाव जीतीं शिखा राय एडवोकेट को नामांकित किया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने उप महापौर चुनाव के लियें पूर्वांचल मोर्चा की कार्यकर्ता एवं प्रथम बार वार्ड 249 से पार्षद सोनी पाण्डेय को नामांकित किया। दोपहर लगभग 2 बजे दिल्ली भाजपा महामंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिती में शिखा राय एवं सोनी पाण्डेय ने निगम सचिव कार्यालय में अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। इस अवसर पर हर्ष मल्होत्रा ने कहा की भाजपा एक अच्छे स्वच्छ सुदृढ नगर निगम के संचालन के प्रति संकल्पबद्ध है और हम आशा करते हैं की सभी निगम पार्षद भाजपा की अनुभवी वरिष्ठ निगम पार्षद को चुनेंगे। शिखा राय ने कहा है की वह सभी निगम पार्षदों के समक्ष दिल्ली नगर निगम के लियें अपना विजन पत्र रखेंगी और उसी के आधार पर सभी पार्षदों का समर्थन मांगूंगी। सर्वोच्च न्यायालय में एडवोकेट शिखा राय भाजपा संगठन में मंत्री, महामंत्री, उपाध्यक्ष के पद के आलावा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पद पर भी काम कर चुकी हैं। नगर निगम में शिखा राय 2017-18 में नेता सदन एवं 2018-19 में स्थाई समिति अध्यक्ष के पदों पर कार्य कर अपनी पहचान बना चुकीं हैं। 2013 में कस्तूरबा नगर से और 2020 में ग्रेटर कैलाश से विधानसभा का चुनाव लड़ चुकीं हैं। 2011 में आतंकवाद एवं कर्फ्यू के बीच लाल चैक, श्रीनगर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर श्रीमति शिखा राय ने सारे देश में लोकप्रियता पाई थी श्रीमति शिखा राय के पति एवं पुत्री भी एडवोकेट हैं और पुत्र ब्रिटेन से बिजनस मैनेजमेंट में ग्रेजुएट है। उप महापौर पद प्रत्याशी सोनी पाण्डेय एक समर्पित भाजपा विचारधारा परिवार से हैं और पूर्वांचल मोर्चा में सक्रियता से काम करती रही हैं।



### पर्चा दाखिल किया

= पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दूसरी बार ग्रेटर कैलाश वार्ड से चुनाव जीतीं शिखा राय एडवोकेट को नामांकित किया

# गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई को सात दिनों की एनआईए हिरासत में भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के पटियाला हाउस कोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को सात दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया है। प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज धर्मेश शर्मा ने इस मामले की सुनवाई स्पेशल एनआईए कोर्ट में ट्रांसफर कर दी है। बिश्नोई को पेश करने के बाद एनआईए ने उसकी सात दिनों की हिरासत की मांग की। एनआईए ने कहा कि आतंकवादी संगठन अंतरराष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय सीमाओं के माध्यम से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी के लिए संगठित आपराधिक सिंडिकेट का उपयोग कर रहे हैं। एनआईए के मुताबिक देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए बब्बर खालसा इंटरनेशनल, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स जैसे प्रतिबंधित समूहों के गुर्गों ने नेटवर्क बनाया है, जो देश के खिलाफ विद्रोह के लिए लोगों को भड़का रहे हैं और आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। 17 अप्रैल को प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज ने बिश्नोई को दिल्ली की तिहाड़ जेल में रखने और 18 अप्रैल को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया था। 17 अप्रैल को बिश्नोई को एनआईए के एक मामले में पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जाना था।

### सुनवाई

= प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज धर्मेश शर्मा ने इस मामले की सुनवाई स्पेशल एनआईए कोर्ट में ट्रांसफर कर दी है

# यमुना दिल्ली की संस्कृति एवं जीवन रेखा भी हैः वीरेन्द्र

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने यमुना संसद को संबोधित किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रामजस कॉलेज के सभागार में आयोजित यमुना संसद बैठक को संबोधित किया और दिल्लीवासियों से स्वच्छ यमुना, यमुना बचाओ अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। सचदेवा ने कहा कि यमुना सिर्फ एक जल निकाय नहीं है बल्कि एक धार्मिक महत्व की पवित्र नदी और दिल्ली की संस्कृति एवं जीवन रेखा भी है। सचदेवा ने एक प्रसिद्ध हिंदी उर्दू कहावत गंगा जमुनी तहजीब का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति ऐसी है कि नदियों ने सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों के विकास में एक महान भूमिका निभाई है और हमें उन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले 2 दशकों में दिल्ली की सरकारों ने यमुना नदी के संरक्षण के महत्व को नजरअंदाज किया है और नदी को एक नाले में बदल दिया है, जिसमें कई अनुपचारित अनियंत्रित नाले (नालियां) नदी में गिरकर इसे जहरीला बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने यमुना की सफाई के नाम पर हजारों करोड़ का चूना लगाया, लेकिन कुछ नहीं किया। सचदेवा ने कहा है कि यह अच्छा है कि आखिरकार लोक संसद सहित कई गैर सरकारी संगठनों ने यमुना नदी की सफाई और बचाने के लिए नागरिकों और दिल्ली सरकार को जगाने का बीड़ा उठाया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सौभाग्य से आज हमारे पास प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी हैं जो देश भर में नदियों के कायाकल्प पर काम कर रहे हैं और उनके निर्देश पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने समर्पित रूप से स्वच्छ यमुना अभियान शुरू किया है। पिछले 8 वर्षों में घोषणाओं के बावजूद दिल्ली सरकार ने यमुना की सफाई के लिए कुछ भी ठोस नहीं किया उपराज्यपाल सक्सेना ने मिशन मोड पर काम करते हुए बमुश्किल 4 से 5 महीनों में दिल्ली में यमुना के आधे से अधिक 30 किमी हिस्से को साफ किया है।



### गंगा जमुनी तहजीब

= यमुना सिर्फ एक जल निकाय नहीं है बल्कि एक धार्मिक महत्व की पवित्र नदी और दिल्ली की संस्कृति एवं जीवन रेखा भी है

# स्पाइसजेट की दिल्ली-श्रीनगर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**टी एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्पाइसजेट की** दिल्ली-श्रीनगर फ्लाइट की मंगलवार को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। दरअसल, पायलट को विमान के कॉकपिट में कार्गो फायर लाइट जलने की फॉल्स वॉर्निंग मिली थी। इसके बाद विमान को बीच रास्ते से वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। विमान में 140 लोग सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयरलाइन कंपनी के प्रवक्ता के मुताबिक, स्पाइसजेट इ737 की ऑपरेटिंग दिल्ली-श्रीनगर फ्लाइट SG-8373 ने सुबह 9:45 बजे दिल्ली से श्रीनगर के लिए उड़ान भरी थी। श्रीनगर पहुंचने से पहले ही कॉकपिट में AFT कार्गो फायर लाइट जली, जिसके बाद उसे फौरन दिल्ली लाने का फैसला किया गया। हालांकि पायलट ने जब इसे चेक किया तो लाइट खुद बुझ गई।

लैंडिंग से पहले सभी ऑपरेशनल पैरामीटर सामान्य पाए गए और फ्लाइट से सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। कंपनी ने बताया कि इसके बाद जब AFT कार्गो को खोला गया तो वहां आग या धुएं जैसी कोई चीज नहीं मिली। शुरूआती जांच में वॉर्निंग झूठी मिली।

### सेफ्टी फर्स्ट

= स्पाईसजेट के पायलट को विमान के कॉकपिट में कार्गो फायर लाइट जलने की फॉल्स वॉर्निंग मिली थी

# युवती को कार से घसीटकर हत्या के मामले को रोहिणी कोर्ट ने सेशन कोर्ट में किया ट्रांसफर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कंझावला** मौत मामले को दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने सेशन कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया है, जिसमें सुनवाई की अगली तारीख 21 अप्रैल तय की है। बता दें कि इस साल पहली जनवरी की तड़के रात को अंजलि को कार सवार चार युवकों ने टक्कर मारने के बाद कई किलोमीटर तक घसीटा था। वह कार में फंस हुई थी। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हुई थी। अंजलि की मौत करीब 500 मीटर तक घसीटे जाने पर ही हो गई थी। यह बात रोहिणी कोर्ट में दायर किए गए 800 पेज के आरोपपत्र में सामने आई थी।



**आरोपियों के पास थे पर्याप्त अवसरः** 13 अप्रैल को कोर्ट में पुलिस ने बताया कि कंझावला हत्याकांड (हिट एंड ड्रैग केस) में दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया आरोपियों के पास अंजिल (मृतक) को बचाने के पर्याप्त अवसर थे, लेकिन उन्होंने जान-बूझकर पीड़िता को घसीटा था, ताकि उसकी मौत हो जाए। दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में यह आरोप लगाए हैं। इसके अलावा पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपियों पर क्यों हत्या की धारा जोड़ी गई है।

**एकमात्र चश्मदीद गवाहः** दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में घटना के एकमात्र चश्मदीद का बयान दर्ज किया है। उसी ने बताया कि घटना कैसे हुई और आरोपी व्यक्तियों की प्रतिक्रिया क्या थी। गवाह ने बताया कि कैसे अंजलि 31 दिसंबर, 2022 और 1 जनवरी, 2023 की दरम्यानी रात को अपनी स्कूटी से टकराने के बाद कार के नीचे फंस गई थी।

# अदालत ने 3 अधिकारियों के खिलाफ दायर चार्जशीट का लिया संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की** पटियाला हाउस कोर्ट ने मंगलवार को तिहाड़ जेल के तीन अधिकारियों महेंद्र प्रसाद सुंदरियाल, सुंदर बोरा, धर्म सिंह मीणा के खिलाफ जेल में बंद 200 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर की मदद करने के मामले में दायर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लिया है।

मामले की सुनवाई करते हुए पटियाला कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने चार्जशीट का संज्ञान लेने के बाद मामले को अगली सुनवाई तक के लिए टाल दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

**कब तक पूरी होगी जांचः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत को बताया कि आरोपी व्यक्तियों को चार्जशीट और अन्य दस्तावेजों की एक-एक कॉपी दे गई है। जांच एजेंसी ने अदालत को यह भी बताया कि अभी इस मामले में जांच चल रही है।

एजेंसी के इन जवाबों पर अदालत ने सवाल करते हुए पूछा कि मामले की जांच कब तक पूरी होने की संभावनाएं हैं, क्योंकि इस मामले में जांच पिछले चार सालों से चल रही है।

# मालकिन की हत्या कर भागी महिला, सड़क हादसे में हुई घायल, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पूर्वी दिल्ली स्थित शालीमार बाग थाना क्षेत्र में महिला ने अपनी पूर्व केयरटेकर की चाकू मारकर हत्या कर दी। यह घटना तब हुई जब महिला के घर पर काम करने वाले पूर्व केयरटेकर और पति के साथ झगड़ा हो रहा था। इस दौरान मृतक महिला का पति भी घायल हो गया। मृतका की पहचान सोनिया के रूप में हुई है, जो अपने पति प्रवीण और एक नाबालिग बेटी के साथ रहती थी। यह घटना शनिवार रात की बताई गई है।

**केयरटेकर ने की मालकिन की हत्याः** पुलिस ने बताया कि शनिवार की रात को केयरटेकर के रूप में काम करने वाली श्वेता और उसका पति आकाश सोनिया के घर आए थे। उस दौरान प्रवीण टीवी देख रहा था। उसने अपनी बेटी को चाय बनाने के लिए कहा और मृतका सोनिया भी घर पर थी। बेटी जब रसोई में गई तो कुछ मिनटों के बाद एक चीख सुनी। बेटी के अनुसार, जब वह रसोई से बाहर आई और देखा कि आकाश ने उसकी मां को चाकू मार दिया है। इस दौरान प्रवीण ने अपनी पत्नी को बचाने की कोशिश की, लेकिन उस पर भी हमला किया गया। पुलिस के अनुसार, महिला की बेटी ने छिपकर खुद को बचाया। घटना को अंजाम देने के बाद आकाश और उसकी पत्नी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए और कुछ मीटर पार करने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गए।



# तिहाड़ के तेवतिया मर्डर में ' नीरज बवाना की एंट्रीः लॉरेंस गैंग का दूसरा विकेट जल्द गिराने की धमकी दी

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की तिहाड़ जेल में हुए लॉरेंस सिंडिकेट के मेंबर गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया हत्याकांड में अब दिल्ली के दाऊद के नाम से मशहूर गैंगस्टर नीरज बवाना की एंट्री हुई है। नीरज सहरावत दिल्ली-एनसीआर ग्रुप के नाम से फेसबुक पोस्ट करते हुए लॉरेंस गैंग का दूसरा विकेट जल्द गिराने की धमकी दी गई है। साथ में लॉरेंस के साथी रहे गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की तरफ इशारा किया गया है। इसमें बंबीहा सिंडिकेट के सभी खूंखार गैंगस्टर्स को टैग किया गया है। वहीं तिहाड़ में हुए हत्याकांड के बाद से सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट पर है। हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व एनसीआर की जेलों में बंद गैंगस्टर्स पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**14 अप्रैल को हुई प्रिंस तेवतियाः** बता दें कि साउथ दिल्ली के गैंगस्टर और लॉरेंस सिंडिकेट के मेंबर प्रिंस तेवतिया की 14 अप्रैल को दिल्ली की तिहाड़ जेल के भीतर हत्या कर दी थी। प्रिंस पर तेजधार हथियार से हमला किया गया था। हमले का आरोप उसके दुश्मन गैंगस्टर रोहित चौधरी की गैंग पर लगा है। रोहित चौधरी साउथ दिल्ली का ही कुख्यात बदमाश है। फिलहाल वह प्रिंस तेवतियां के एंटी बंबीहा ग्रुप में शामिल है। उसके ऊपर दिल्ली के सबसे बड़े गैंगस्टर नीरज बवाना का हाथ है। प्रिंस की हत्या के बाद अंदर खाने लॉरेंस ग्रुप बदला लेने की फिराक में है तो वहीं नीरज बवाना की तरफ से उन्हें सीधी चुनौती देते हुए उनकी गैंग के एक और सदस्य का मर्डर करने की पोस्ट डाल दी है।

**3 राज्यों में चल रही खूनी गैंगवारः** दरअसल, 27 मई 2022 को पंजाब के मानसा जिले में पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद 3 राज्यों पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में लॉरेंस और बंबीहा ग्रुप के बीच पनपी खूनी गैंगवार अब सड़क ही नहीं, बल्कि महफूज कही जाने वाली उन जेलों तक पहुंच गई, जिन्हें हाई सिक्योरिटी वाली जेल कहा जाता है। सिद्धू की हत्या में लॉरेंस के अलावा गोल्डी बराड़, जग्गू भगवानपुरिया मास्टर माइंड निकले। इसके बाद से ही उनके विरोधी बंबीहा ग्रुप की तरफ से लगातार बदला लेने की धमकी दी जा रही है। पिछले एक साल में कई बार दोनों गैंग न केवल सड़क पर आमने-सामने हुए, बल्कि जेल के भीतर भी खून खराबा करने में पीछे नहीं हटे।




**प्रिंस की हत्या के बाद माहौल फिर गर्मः** दिल्ली की तिहाड़ जेल के भीतर गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया की हत्या के बाद इन तीनों ही राज्यों में फिर से गैंगवार की आहट सुनाई देनी लगी है। जेल के भीतर बंद खूंखार गैंगस्टर फेसबुक पोस्ट के जरिए ना केवल बेखौफ होकर जुर्म की जिम्मेदारी ले रहे है, साथ ही जल्द फिर से बड़ी वारदात करने की धमकी तक दे रहे है। खासकर दिल्ली की तिहाड़ जेल में ज्यादातर बड़ी गैंग के गैंगस्टर मकोका के तहत बंद है। हालांकि इन्हें हाई सिक्योरिटी वाली अलग-अलग बैरक में रखा गया है, लेकिन फिर भी उनके गुर्गे जेल के भीतर ही आमने-सामने होते रहे है। कुछ माह पहले ही गुरुग्राम की भोंडसी जेल के भीतर लॉरेंस के गुर्गो ने बंबीहा ग्रुप से जुड़े कौशल चौधरी के गुर्गों सज्जन उर्फ भोलू व संदीप लठ्ठ पर हमला कर दिया था। ये दोनों ही गुर्गे अकाली नेता विक्की मिड्डूखेड़ा की हत्या में शामिल रहे थे।

**गुराल बराड़ की हत्या से शुरू हुई दुश्मनीः** करीब 3 साल पहले तक लॉरेंस और बंबीहा दोनों पंजाब के अलग-अलग एरिया में अपना दबदबा बनाए हुए थे, लेकिन 2020 में गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के भाई गुरलाल बराड़ की चंडीगढ़ में हुई हत्या के बाद इन दोनों ही गैंग में दुश्मनी बढ़ गई।

अमृतसर से लेकर चंडीगढ़ तक कई जगह दोनों गैंग के बीच कई बार फायरिंग हुई। पहले दोनों ही ग्रुप ने पंजाब की छोटी-छोटी गैंग को अपने साथ मिलाया और फिर पंजाब से बाहर पैर रखते हुए दिल्ली, हरियाणा और यूपी के गैंगस्टर को शामिल कर अलग-अलग सिंडिकेट बना लिए।

## न्यूज फ्लैश

### नाबालिग लड़की के साथ अभद्रता करने का आरोप

**सोनीपत: मोहाना थाना** क्षेत्र के गांव में गली से गुजरते समय नाबालिग लड़की के साथ अभद्रता करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। मामले को लेकर लड़की के दादा ने आरोपित लड़के के घर पर शिकायत की तो उसके साथ मारपीट की। लड़की के दादा ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।
एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी नाबालिग लड़की पढ़ती है। घर से स्कूल जाते समय गांव का एक लड़का उसके साथ अभद्रता करता रहता है। लड़की ने मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। इस संबंध में वह शिकायत लेकर लड़के के घर पहुंचा। जहां लड़के व उसके परिजनों ने उसके साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। उसके साथ मारपीट की गई। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी एसआई उषा ने बताया कि लड़की के बयान अदालत में दर्ज करवाएं गए है। आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मणिपाल अस्पताल, गुरुग्राम रेवाड़ी में रीढ़ संबंधी विकारों के लिए विशेष ओपीडी आयोजित करेगा

**गुरुग्राम**: मणिपाल अस्पताल, गुरुग्राम बुधवार, 19 अप्रैल 2023 को नैथानी न्यूरो और स्पाइन अस्पताल, रेवाड़ी के सहयोग से रीढ़ संबंधी विकारों के लिए एक विशेष ओपीडी का आयोजन करेगा। ओपीडी स्लिप डिस्क, स्कोलियोसिस, रीढ़ की हड्डी सहित विभिन्न रीढ़ विकारों के लिए विशेषज्ञ परामर्श और उपचार प्रदान करेगा। मणिपाल अस्पताल, गुरुग्राम के जाने-माने कंसल्टेंट स्पाइन सर्जन डॉ. अरुण भनोट परामर्श और निदान के लिए सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक मॉडल टाउन, कैपिटन साहब वली रोड में स्थित नैथानी न्यूरो और स्पाइन अस्पताल में उपलब्ध रहेंगे।रीढ़ मानव शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो पूरे कंकाल प्रणाली का समर्थन करता है और रीढ़ की हड्डी की रक्षा करता है। रीढ़ की हड्डी के विकार दुर्बल करने वाले दर्द, बेचैनी और यहां तक कि पक्षाघात का कारण बन सकते हैं। ये स्थितियाँ विभिन्न कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें चोटें, संक्रमण, अध: पतन और ट्यूमर शामिल हैं। रोगी के जीवन की गुणवत्ता के लिए रीढ़ संबंधी विकारों का शीघ्र निदान और उपचार महत्वपूर्ण है। इस ओपीडी का उद्देश्य बताते हुए, डॉ. अरुण बहनोत, वरिष्ठ सलाहकार और स्पाइन सर्जन के प्रमुख, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने कहा, "रीढ़ की बीमारी व्यक्ति के जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है और पुराने दर्द और परेशानी का कारण बन सकती है। इस ओपीडी के साथ, हमारा उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। और रेवाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में रीढ़ की हड्डी के विकारों से पीड़ित लोगों के लिए विशेषज्ञ परामर्श। हम आशा करते हैं कि अधिक से अधिक रोगियों का निदान और उपचार किया जा सके, जिससे वे दर्द मुक्त और स्वस्थ जीवन जी सकें।"इस पहल के साथ, मणिपाल अस्पताल, गुरुग्राम का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। मणिपाल अस्पताल, गुरुग्राम, एक प्रमुख मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल है जो रोगियों को उन्नत चिकित्सा देखभाल और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है।

### लिंगानुपात में सुधार के लिए मिशन मोड में स्वास्थ्य विभाग : सीएमओ

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़** । जिला सिविल सर्जन डॉ ब्रहमदीप सिंह ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह के मार्गदर्शन में मिशन मोड में कार्य कर रहा है। कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम रोकने के लिए निरंतर रेड की जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला की पीएनडीटी टीम द्वारा दूसरे जिलों व राज्यों में सफल रेड की हैं। वर्ष 2022 में 12 पीएनडीटी और चार एमटीपी और चालू वर्ष में अभी तक चार सफल पीएनडीटी रेड की हैं। पीएनडीटी एक्ट के तहत आरोपियों के विरूद्ध माननीय अदालतों में सजा दिलाने के लिए मजबूती से पैरवी की जा रही है। उन्होंने कहा कि झज्जर जिले के लिंगानुपात में निरंतर सुधार हो रहा है। जिले का लिंगानुपात 900 से ऊपर पंहुच गया है। हमारा लक्ष्य 950 का है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग अन्य संबंधित विभागों के साथ बेहतर तालमेल के साथ कार्य कर रहा है।सीएमओ ने बताया कि बुलंदशहर यूपी में जिला स्वास्थ्य विभाग की सफल पीएनडीटी रेड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 17 अप्रैल 2023 को गुप्त सूचना के आधार पर रेड की गई । डॉ संदीप दलाल, पीएनडीटी नोडल अधिकारी, डॉ ममता वर्मा, डॉ हर्षदीप वर्मा,विनोद एसए, रजनेश, प्रदीप और पंकज की एक टीम गठित की। हमारी पुलिस टीम ने सराहनीय काम किया है। प्राथमिकी थाना गुलावठी बुलंदशहर में दर्ज की गई । अस्पताल बहादुरगढ़ पीएमओ डॉक्टर गोपाल गोयल,एसएमओ डॉक्टर देवेंद्र मेगा,एसएमओ डॉ विनय देशवाल,अर्बन कंसलटेंट डॉक्टर गगन जैन,जिला अर्श काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा, मौजूद रहे।

# सौ शैया की घटना से शायद ही ले कोई सबक!

## कायाकल्प अवार्ड मिलने के बाद ही हालात ऐसे कि हो सकता था बड़ा नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**
**वृंदावन के** सौ शैय्या अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में आग लगने की घटना ने एक बार फिर कई सवाल खडे कर दिये हैं। इस घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ लेकिन अग्निशमन विभाग और जिला प्रशासन की पिछली लम्बी कवायद की कलई जरूर खोल दी। पिछले दिनों अग्निशमन विभाग की ओर से बडे स्तर पर यह सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया गया था कि बडी इमारतों में आग पर नियंत्रण पाने के लिए समुचित इंतजाम हैं अथवा नहीं। इन इमारतों में



होटल, मोटल, अस्पताल, मैरिज होम, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग आदि थे। कई को नोटिस थमाए गए थे तो कई को चेतावनी दी गई थी। सौ शैया अस्पताल की लैब में लगी आग से अस्पताल में धुआं भरने से मरीज और स्टाफ में अफरा तफरी मच गई थी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही पर दमकल विभाग ने चेतावनी नोटिस जारी करने की बात कही है। कहा जा रहा है कि पैथोलॉजी लैब के एयर कंडीशन में शार्ट सर्किट से आग लग गई, लेकिन अस्पताल कर्मियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और कुछ ही देर में आसपास की मशीनों ने भी आग पकड़ ली। जिससे पूरे अस्पताल में धुंआ फैल गया। इस पर दमकल विभाग को आग लगने की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची दो दमकल गाड़ियों की मदद से विभागीय कर्मियों ने स्थिति पर काबू पाया।

> **दमकल विभाग** के द्वारा जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन उन्हें हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से जल्दी खबर दे दी गई होती तो हॉस्पिटल परिसर का इतना नुकसान नहीं होता। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल प्रबंधन के पास कोई भी उचित व्यवस्था मौजूद नहीं है। हॉस्पिटल प्रबंधन की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। वहीं उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल प्रबंधन के पास दमकल विभाग को सूचित करने हेतु कोई भी संपर्क नहीं था। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा काफी देर में दमकल विभाग को सूचना दी गई और मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया।
> **-नरेंद्र प्रताप ,सीएफओ मथुरा**

## अग्निवीर की परीक्षा देने के लिए विभिन्न जिलों से पहुंचे सैकड़ों युवा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार) सैंकड़ो युवा** अम्बाला छावनी में आयोजित अग्नि वीर रिटन टेस्ट देने पहुंचे। इन युवाओं का कहना था कि इस वर्ष सरकार द्वारा पहले रिर्टन टेस्ट लिया जा रहा है। जबकि पहले फिजिकल टेस्ट हुआ करता था। उन्होनें सरकार ने इस योजना की सराहना कि और कहा कि वह विभिन्न जिलों से यहां पर परीक्षा देने के लिए आए हुए है। मन में देश भक्ति का जजबा लिये परीक्षा देने आए करनाल के युवक ने बताया कि पहली शिफ्ट में उसका रिर्टन एग्जाम हुआ। उसने बताया कि वह पिछले कई महीनों से अग्निवीर परीक्षा की तैयारी में जुटा हुआ था। वहीं कैथल से आए एक युवक ने बताया कि उसके भाई का अम्बाला में पेपर था। सरकार द्वारा रिटन एग्जाम पहले करवाया जाना सरकार का एक अच्छा प्रयास है। उन्होनें कहा कि इससे पढ़ने वाले बच्चों को लाभ मिलेगा। अग्निवीर की समय सीमा सरकार को बढ़ानी चाहिए। इससे भविष्य में भी इन युवाओं को लाभ होगा।

## पंजाब में किसानों ने जगह-जगह पर रेलवे ट्रैक किए जाम, यात्री परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** पंजाब में किसानों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन का असर अंबाला में भी देखने को मिला। जिसके चलते अनेक रेलगाडियां प्रभावित रही। लोगों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पडा। किसानों का कहना था कि वह अपनी मांगों को लेकर पहले भी सरकार को बता चुके है। लेकिन उनकी मांगे नही मानी गयी। यात्रियों का कहना है कि अगर रेलवे प्रशासन को पता था कि ट्रेनें रोकी जाएंगी तो उन्हें टिकट क्यों दी। उन्होंने कहा कि वे गर्मी में बेहाल हो रहे हैं। बच्चों साथ हैं उन्हें लेकर कहां जाए। उधर, किसानों ने कहा कि उन्होंने पहले ही ऐलान कर दिया था कि 18 तारीख को रेलें रोकी जाएंगी, यात्री सफर न करें।

बता दें कि किसानों ने केंद्र के खिलाफ योग्य मुआवजा नहीं दिए जाने के इल्जाम लगाए हैं। किसानों ने कहा कि उन्हें प्रति एकड़ के हिसाब से उन्हें मुआवजा दिया जाए। आज उन्हें एक बार फिर से रेलवे ट्रैक पर बैठने के लिए मजबूर होना पड रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जगह-जगह रेलवे ट्रैक पर बैठ गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए वेल्यू कट के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है। बता दें कि आज दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किसानों द्वारा रेलें रोकी गई। किसानों का कहना है कि केंद्र ने गेहूं के खराब दाने पर वेल्यू कट लगाया है। 5 रुपए से लेकर 32 रुपए तक वेल्यू कट लगाया है। पंजाब में किसानों ने अमृतसर, फिल्लौर, खन्ना, राजपुरा, फिरोजपुर, फरीदकोट, बठिंडा, मानसा, मलोट, फाजिल्का, जगराओं, गुरदासपुर, संगरूर, बरनाला, रोपड़, होशियारपुर, मोगा व समराला में रेलों का चक्का जाम किया हुआ है।

यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की गलती का खमियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है।

## कृषि विभाग की टीम ने दवाइयों की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट पर की छापेमारी

**सोनीपत: खरीफ** सीजन शुरू होने से पहले कृषि विभाग द्वारा खाद, दवाइयों व बीजों की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। विभाग खाद और बीज विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी करके सैंपल इक्ट्ठा कर रहे थे। विभाग के उपनिदेशक अनिल सहरावत व क्यूसीआई राकेश हुड्डा के नेतृत्व में टीम ने नाथुपूर क्षेत्र में स्थित दो मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों पर छापेमारी कर दवाइयों के पांच सैंपल लिए है। जल्द विभाग की तरफ से उन्हें जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। बता दें किमौजूदा समय में रबी सीजन की फसलों की कटाई और कढ़ाई प्रक्रिया चल रही है।

## सीनियर सिटीजन पुरुष और महिलाओं को किराए में मिल रही है 50 फीसदी की छूट : हरप्रीत

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**हरियाणा राज्य** परिवहन कुरुक्षेत्र की महाप्रबंधक हरप्रीत कौर ने कहा कि सीनियर सिटीजन पुरुष और महिलाओं को बस किराए में सरकार के आदेशानुसार 50 फीसदी की छूट दी जा रही है। इस छूट को हासिल करने के लिए 60 या 60 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग की महिला तथा 65 या 65 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के पुरुष को बस पास बनवाने की जरूरत नहीं है। अहम पहलू यह है कि सीनियर सिटीजन को निजी बसों में सरकार के आदेशानुसार किराए में 50 फीसदी की छूट मिलेंगी। अगर कोई बस चालक-परिचालक आदेशों की अवहेलना करेगा तो



उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
जीएम रोडवेज हरप्रीत कौर ने मंगलवार को जारी आदेशों में कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार 60 से 65 वर्ष आयु वर्ग के पुरुषों के केवल पास बनाएं जाएंगे। इस पास को बनवाने के लिए इस निर्धारित आयु वर्ग के व्यक्ति को अपने निकटतम सीएससी सेंटर में जाकर पंजीकरण करवाना होगा। इसके लिए बकायदा लिंक ई-बुकिंग.एचआरट्रांसपोर्ट.जीआवी.इन पर क्लिक करके स्वयं भी पंजीकरण करवा सकते है या फिर निकटतम सीएससी सेंटर से भी अपना पंजीकरण करवा सकते है। इस पंजीकरण के बाद संबंधित व्यक्ति को नए बस स्टैंड कुरुक्षेत्र में जाकर अपना बस पास बनवाना होगा और पंजीकरण का दस्तावेज भी दिखाना होगा। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं की आयु वर्ष 60 वर्ष से ज्यादा है और जिन पुरुषों की आयु 65 वर्ष से ज्यादा है, इस आयु वर्ग की महिला और पुरुष को पास बनवाने की जरूरत नहीं है।

# मोटे अनाज के प्रति जागरूक करने के लिए निकाली जागरूकता रैली

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** आर्य गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी में वूमेन सैल, एन.एस.एस., आत्मनिर्भर भारत कमेटी तथा टूगेदर वी केन फाउंडेशन अम्बाला के संयुक्त तत्वावधान में करवाए जा रहे दो दिवसीय मिलेट मेला अर्थात मोटा अनाज मेला के प्रथम दिन मोटर अनाज जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसका आगाज मुख्यातिथि संजीव वालिया, समाज सेवी, अम्बाला तथा उनकी धर्मपत्नी सीमा वालिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने मुख्यातिथि को पौधा देकर सम्मानित किया।

यह रैली कॉलेज से प्रारंभ होकर विजय रतन चैक, गीता गोपाल चैक तथा सदर बाजार से निकाली गई। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य, टूगेदर वी केन फाउंडेशन से पूनम गुप्ता अपनी संस्था के अन्य साथियों सहित, एफ.एस.एस.ए.आई. अम्बाला से नामित अधिकारी एन.डी. शर्मा, फूड सेफटी ऑफिसर डॉ. राजीव शर्मा, सहायक बलबिन्द्र, रोटरी क्लब औद्योगिक क्षेत्र अम्बाला की अध्यक्ष नीलम शर्मा, लाइंस क्लब अम्बाला होस्ट की अध्यक्ष ज्योति आनंद, डॉ. जोगिन्द्र सिंह, सिविल अस्पताल, अम्बाला छावनी दीपक भसीन, देश फार्मा, अम्बाला उपस्थित रहे। इस रैली में उपस्थित सभी प्रतिभागियों में

> **8 70 से अधिक देशों का समर्थन मिला और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में घोषित किया**


एक अनोखा उत्साह देखा गया। सभी ने मोटा अनाज के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु एफ.एस.एस .ए.आई के नारे राइट इंडिया आज से थोड़ा कम तेल, चीनी, नमक कम, वंदे मातरम, भारत माता की जय, मिट्टी को बचाएंगे, मोटा अनाज उगाएंगे, पानी को बचाना है, मोटा अनाज उगाना है, लगाए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि संजीव वालिया जी ने आर्य गर्ल्ज कॉलेज तथा टूगेदर वी केन फाउंडेशन द्वारा इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट-2023 के उपलक्ष्य में मिलेट मेला आयोजित करने पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य की सराहना की तथा कहा कि मोटा अनाज के प्रति जागरूक करने हेतु यह एक बहुत अच्छा कार्य किया गया है। डॉ. जोगिन्द्र सिंह, सिविल अस्पताल, अम्बाला छावनी ने छात्राओं को मोटा अनाज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अपनी जीभ के स्वाद के लिए बाजार से फास्ट फूड खाना बंद करना होगा। अपनी दिनचर्या में बड़ा अनाज, फल सब्जियां, दूध शामिल करें तथा मोबाइल का कम से कम उपयोग करें क्योंकि यह सेहत के लिए हानिकारक है। मोटा अनाज खाने से होने वाले स्वास्थ्य लाभ आपको कुछेक महीनों में देखने को मिल सकते हैं। डॉ. अनुपमा आर्य ने बताया कि इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट-2023 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मोटे अनाज को वापिस लाने और घरेलू और वैश्विक मांग बनाने और लोगों को पोषण संबंधी भोजन देने के लिए 2021 में, भारत ने संयुक्त राष्ट्र को 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित करने का प्रस्ताव दिया।
भारत के इस प्रस्ताव को 70 से अधिक देशों का समर्थन मिला और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में घोषित किया।

## ग्लेनमार्क फार्मा ने भारत के रेस्पिरेटरी बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत की

नई दिल्लीः ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड। (ग्लेनमार्क), एक नवाचार-संचालित, वैश्विक फार्मास्यूटिकल्स कंपनी, ने श्वसन खंड में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है और भारतीय फार्मा बाजार में #2 स्थान पर है*। ग्लेनमार्क अपनी श्वसन संबंधी दवाओं के लिए एक विश्वसनीय ब्रांड है, जिसमें एस्कोरिल, एस्कॉरिल एलएस, एस्कोरिल डी और एलेक्स जैसे ब्रांड हैं। कंपनी के आधुनिक और अभिनव समाधान, बिलाजाप एम और रियाल्ट्रिस एजेड/मोनो भी रोगियों और स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच लोकप्रिय हैं। पिछले एक साल में, इसकी श्वसन दवाएं 1 लाख से अधिक चिकित्सा पेशेवरों द्वारा निर्धारित की गई हैं और देश भर में सभी आयु समूहों के 4 करोड़ से अधिक रोगियों की मदद की है। श्री। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के कार्यकारी उपाध्यक्ष और भारत व्यापार प्रमुख आलोक मलिक ने कहा, "हमारे अभिनव उत्पादों और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण ने भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग में श्वसन क्षेत्र में अग्रणी के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम अपने रोगियों के लिए बाजार में पहली दवा उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य से प्रेरित हैं और नई दवाएं लाना जारी रखेंगे जो सुरक्षित और प्रभावी हैं।ग्लेनमार्क भारत में आधुनिक ओएडी (ऑब्सट्रक्टिव एयरवे डिजीज) प्रबंधन में अग्रणी रहा है, और देश में अस्थमा और सीओपीडी - क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज में रोगी की जरूरतों को पूरा करने वाली पहली कंपनियों में से एक है। ग्लेनमार्क डिजिटल डोज इनहेलर्स, अल्ट्रा एलएबीए + आईसीएस, सिंगल इनहेलर ट्रिपल थेरेपी और नेबुलाइज्ड लामा के लॉन्च के साथ क्रोनिक रेस्पिरेटरी स्पेस में इनोवेटिव उत्पाद पेश करने वाला पहला देश है।

## नशीले कैप्सूल सहित बलदेव नगर का पप्पू रिमांड पर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला में नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर पुलिस ने



शिकंजा कस्ते हुए युवक को दरदबोचा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी दो दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। आरोपी विनोद उर्फ पप्पू निवासी बलदेव नगर से पूछताछ कि जा रही है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी नशीले पदार्थ कहां से लाता था और किन किन को सप्लाई करता था। आरोपी से भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल बरामद हुए है। पुलिस का कहना है कि मामले में और लोगो की भी गिरफ्तारी हो सकती है।

## नौकरी बचाने के लिए गृह मंत्री के आवास का घेराव करने पहुंचे कोरोना कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अंबाला** में छावनी बस स्टैण्ड पर विभिन्न मागों को लेकर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना था कि वह नौकरी बचाने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इन कर्मचारियों ने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्हें विभाग में भर्ती किया गया था। लेकिन उसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया। जिसके चलते वह आर्थिक हानि का सामना कर रहे है।
कोरोना कर्मचारी एसोसिएशन



हरियाणा के प्रधान संदीप संधू ने बताया कि कोरोना काल के दौरान लगाए गए इन कर्मचारियो को पिछले साल भी हटा दिया था। तब वह अधिकारियों से मिले थे। उस समय आश्वासन दिया गया था कि कौशल रोजगार के तहत फिर से लगा दिया था। और कहा गया था कि एक एक साल की एक्सटेंशन दी जाएगी। लेकिन अब फिर से उन्हें नौकरी से हटा दिया गया और इस बार कहा गया कि सिर्फ 6 महीने की ही एक्टेंशन मिलेगी। सरकार के पास बजट नही है। प्रधान का आरोप था कि सरकार बडी बडी घोषणाएं करती है तथा सरकारी कार्यों पर तथा वीआईपी कलचर पर लाखों रुपएं खर्च किये जाते है। जबकि कर्मचारियों को देने के लिए तनखाह नही है। इससे प्रदेश में बेरोजगारी बढेगी। उन्होने बताया कि आज प्रदेश के विभिन्न जिलों से कर्मचारी आए हुए है। सरकार को चाहिए कि वह अपनी निति स्पष्ट करें।

हमें रोजगार की गांरटी दी जाए। एक साल का रोजगार तुंरत प्रभाव से उपलब्ध करवाया जाए

# 'अभय सिंह के परिवर्तन यात्रा का किया जा रहा जोरदार स्वागत'

## -पानीपत जिला में पहुंचने पर परिवर्तन यात्रा का किया जाएगा बैंड बाजों से स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**इनेलो के** वरिष्ठ नेता एवं पानीपत शहर हलका प्रभारी डा. राजपाल ने कहा कि विधायक अभय सिंह चौटाला का परिवर्तन यात्रा अपनी एक हजार किमी की दूरी तय कर चुकी है। परिवर्तन यात्रा 17 अप्रैल तक 492 गांवों व 28 विधानसभा हलकों को कवर कर चुकी है। यात्रा का लोगों द्वारा जोरदार तरीके से स्वागत किया जा रहा है। यात्रा के दौरान विधायक अभय सिंह चौटाला स्वयं लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुन रहे है। परिवर्तन यात्रा की सफलता से यह स्पष्ट रूप से



दावा किया जा सकता है कि 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में हरियाणा में इनेलो की सरकार बनना तय है। पानीपत जिला में पहुंचने पर परिवर्तन यात्रा का पार्टी कार्यकताओं व लोगों द्वारा बैंड बाजों से स्वागत किया जाएगा। डा. राजपाल मंगलवार को जीटी रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निशान सिंह मलिक व मनोज जोरासी, रामकुमार नंबरदार, प्रवीन लता महिला जिला प्रधान व सतपाल ऊझा आदि मौजूद रहे। सभी इनेलो नेताओं ने पानीपत जिला में परिवर्तन यात्रा की तैयारियों को लेकर रूपरेखा बनाई गई। डा. राजपाल ने बताया कि पानीपत जिला में 31 जुलाई को परिवर्तन यात्रा सोनीपत की तरफ से गांव सींक में एंट्री करेगी और फिर करीब 10-12 दिनों तक चारो हलकों में जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इनेलो की सरकार बनने पर बुजुर्गो को 7500 रूपए प्रति माह पेंशन, हर घर से योगयता के आधार पर एक सदस्य को नौकरी और नौकरी नहीं मिलने पर 21 हजार बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। हर घर में महंगाई के दौर में गृहणियों को निजात दिलाने के लिये हर माह गैस का एक सिलेंडर दिया जाएगा। वहीं निशान सिंह मलिक ने कहा कि इस बार बहुत से किसानों की बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद हुई पर सभी को मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

# अंबाला में आवारा पशुओं का आतंक, कई लोग घायल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला** में आवारा पशुओं का आंतक तेजी से बढ़ता जा रहा है। लेकिन इन पशुओं को पकड़ने में नगर निगम व परिषद नाकामयाब सिद्ध हो रही है। यह पशु आए दिन हादसों का कारण भी बन रहें है। अम्बाला शहर जीटीरोड पर आवारा पशु की चपेट में आने से शाहबाद निवासी मोटरसाइकिल सवार पकंज की मौत हो गई। जबकि उसका साथी सुखदेव गंभीर रूप से घायल हो गया। सुत्रोनुसार दोनो मोटरसाइकिल पर पंजाब की ओर जा रहे थे। लेकिन जैसे ही वह जंडली पुल फलाईओवर के पास

> **8 अम्बाला शहर जीटीरोड पर आवारा पशु की चपेट में आने से शाहबाद निवासी मोटरसाइकिल सवार पकंज की मौत हो गई**

पहुंचे तो एक आवारा पशु मोटरसाइकिल के आगे आ गया। जिसके चलते दोनों युवक लहुलूहान हो गए और उन्हे अम्बाला शहर के ट्रामा सेंटर लाया गया। जहां पर डाक्टरों ने पंकज को मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। वहीं दूसरी ओर लोगो का कहना था कि नगर निगम को चाहिए कि वह आवारा पशु पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए। उन्होनें कहा कि अम्बाला में इससे पहले भी अनेक हादसे हो चुके है। कई लोग आवारा पशुओं के कारण अपनी जान गवा चुके है। गौरतलब है कि अम्बाला में जगह जगह आवारा पशुओं की भरमार है। जिसके चलते अक्सर मानव चौंक, पोलिटेक्निक चौंक, कालका चौंक, सर्कुलर रोड, जैन कॉलेज रोड, कोर्ट रोड, अम्बाला छावनी के गोल चक्कर, निकलसन रोड, छावनी बाजार सहित अन्य स्थानों पर आवारा पशुओं की भरमार रहती है।

# संपादकीय

## अब गरुड़ बन गई है सीबीआई

**किसी** भी संस्था की षष्टिपूर्ति मायने रखती है। भारत ही एक ऐसा देश है, जहां साठ साल के व्यक्ति को जवान माना जाता है। साठा पर पाठा कहने की परंपरा रही है। संस्थाओं पर भी कमोवेश यही बात लागू होती है। किसी संस्था के साठ साल पूरे करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की स्थापना के हाल ही में साठ साल पूरे हो गए हैं। उसकी स्थापना 01 अप्रैल, 1963 को केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से एक संकल्प के जरिये की गई थी। भ्रष्टाचार के उन्मूलन और सत्यनिष्ठा की स्थापना के लिए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से दिल्ली स्पेशल पुलिस इस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 1946 पारित हुआ था। सन 1962 में लाल बहादुर शास्त्री ने प्रशासन में भ्रष्टाचार की बढ़ती घटनाओं से निपटने और सुझाव देने के लिए संथानम कमेटी बनाई थी। कमेटी की संस्तुतियों पर अमल करते हुए भारत सरकार ने एक अप्रैल 1963 को प्रस्ताव द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई की स्थापना की थी। 1963 से लेकर अब तक सीबीआई लोगों की सेवा कर रही है। श्रीनगर से तिरुअनंतपुरम और गांधीनगर से ईटानगर तक देश के 36 शहरों में इसके अपने कार्यालय हैं। सीबीआई ने वांछित भगोड़ों की भारत वापसी के लिए ऑपरेशन त्रिशूल , ड्रग्स संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए आपरेशन गरुड़ , साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए आपरेशन चक्र , बाल यौन शोषण को रोकने के लिए आपरेशन मेघ चक्र लॉन्च कर रखा है। देश के प्रथम सीबीआई निदेशक डी.पी.कोहली ने अपने अधिकारियों से कहा था कि जनता आपसे कार्यकुशलता और सत्य निष्ठा में उच्चतम स्तर की अपेक्षा करती है। इस विश्वास को बनाए रखना है। कहना न होगा कि सीबीआई आज भी उन अपेक्षाओं पर खुद को खरा साबित करने के लिए जी-तोड़ मेहनत करती है। चाहे एलएन मिश्रा हत्याकांड, राजीव गांधी हत्याकांड, मुंबई बम विस्फोट मामला रहा हो या फिर पुरुलिया में हथियार गिराने का मामला, उनका रहस्योद्घाटन सीबीआई ने जिस खूबी और पारदर्शिता से किया, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। पश्चिम बंगाल के शारदा चिट फंड घोटाले, कोयला घोटाले, आईसी-813 हाइजैकिंग केस, बिहार के सृजन घोटाले, प्रियदर्शनी मट्टू मर्डर केस, बिहार के चारा घोटाले , कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाले, टेलीकॉम घोटाले, हर्षद मेहता केस, स्टांप पेपर घोटाले, सत्यम घोटाले, कैट स्कैम केस,को-आपरेटिव ग्रुप हाउसिंग स्कैम, शोपियां दुष्कर्म और हत्या मामला, बेंगलुरु हत्याकांड, असम सीरियल ब्लास्ट मामले, कोठखाई दुष्कर्म हत्या केस , यश बैंक-डीएचएफएल लोन धोखाधड़ी केस, एनएसई को-लोकेशन स्कैम की जांच और उसे अंजाम तक पहुंचाने की अनेक उपलब्धियां उसके नाम हैं। वह अपराधियों और राजनीतिज्ञों दोनों के आंखों की किरकिरी बनी रहती है लेकिन जनता का भरोसा जीतने में वह कभी पीछे नहीं रही। यह और बात है कि उस पर केंद्र सरकार के इशारे पर काम करने के भी आरोप लगे। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्ववाली संप्रग सरकार में तो देश की शीर्ष अदालत ने उसे सरकारी तोता तक कह दिया था लेकिन इसके बावजूद सीबीआई ने अपने दायित्वों से समझौता नहीं किया। जब जहां, जैसा मौका मिला, उसने अपनी जांच प्रक्रिया को न केवल गति दी बल्कि अपराधियों को जेल के सलाखों के पीछे भेजने में भी बड़ी भूमिका का निर्वाह किया।

# पाठ्यक्रम में बदलाव पर बेवजह राजनीति



राजेश माहेश्वरी



> पिछले कुछ सालों में एनसीईआरटी ने अपने सिलेबस की विषय-वस्तु और सिद्धांत में कई बदलाव किए हैं, हालांकि इतिहास से कुछ अध्यायों को हटाने के लिए कई बार इसकी आलोचना भी हुई है. हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि सिलेबस में बदलाव किया गया है। सीबीएसई कई राज्य बोर्डों के साथ अपने पाठ्यक्रम में कक्षा 1 से 12 के लिए एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों का अनुसरण कर रहा है। इसके अलावा छात्र कई प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे आईआईटी, एनईईटी, यूपीएससी आदि के लिए इन किताबों पर भरोसा करते हैं। एनसीईआरटी के अनुसार, सिलेबस में जो बदलाव हुआ है वह देश भर के उन सभी स्कूलों पर लागू होगा जहां एनसीईआरटी की किताबें पढ़ाई जा रही हैं। सीबीएसई और उत्तर प्रदेश बोर्ड सहित कई अन्य बोर्ड एनसीईआरटी की किताबों को मान्यता देता हैं

**विद्यालयी** पाठ्यक्रम से मुगलों का इतिहास हटाने को लेकर बहस रूकने का नाम नहीं ले रही। पाठ्यक्रम में बदलाव के निर्णय के बाद सरकार विपक्ष के निशाने पर है। विपक्ष का आरोप है कि बीजेपीनीत एनडीए सरकार इतिहास बदलने की कोशिश कर रही है। इस पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीईआरटी की तरफ से सफाई भी सामने आई, जिसमें कहा गया कि पढ़ाई के बोझ को कम करने के लिए मुगलों के चैप्टर हटाने का निर्णय लिया गया है। हालांकि ये पहली बार नहीं है जब मुगलों से जुड़ी किसी चीज को बदला या फिर हटाया गया हो। इससे पहले भी देश और खासतौर पर उत्तर प्रदेश में मुगलकाल की कई सड़कों और जगहों के नाम बदले जा चुके हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीईआरटी 12वीं क्लास की किताबों से कुछ चैप्टर हटाए गए हैं, जिनमें थीम्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री 2 के चैप्टर किंग्स एंड क्रॉनिकल्सः द मुगल कोर्ट को हटाया गया है। राजनीति शास्त्र से भी कुछ चैप्टर हटाए गए हैं। जिसमें कांग्रेस शासनकाल पर आधारित एरा ऑफ वन पार्टी डॉमिनेंस शामिल है। इसके अलावा 11वीं के सिलेबस से भी कुछ हिस्से हटाए गए हैं। जिसमें सेंट्रल इस्लामिक लैंड और कन्फ्रंटेशन ऑफ कल्चर्स जैसे चैप्टर शामिल हैं। इसमें मुगलों का इतिहास बताया गया था, जिसे पिछले कई सालों से स्कूलों में पढ़ाया जा रहा था। जैसे ही ये खबर सामने आई तो राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई

इस पूरे विवाद के बीच सरकार ने कहा है कि एनसीईआरटी ने पाठयक्रम में बदलाव के लिए 25 बाहरी विशेषज्ञों से परामर्श लिया है। 18 जुलाई, 2022 को लोकसभा में दिए गए जवाब से पता चलता है कि एनसीईआरटी के सात सब्जेक्ट डिपार्टमेंट द्वारा दो से पांच की संख्या वाले एक्सपर्ट ग्रुप्स को नियुक्त किया गया था। किताबों में बदलाव के लिए एनसीईआरटी के खुद के एक्सपर्ट्स भी लगे हुए थे। एनसीईआरटी की किताबों से हटाए गए टॉपिक्स को लेकर लगातार विपक्ष सवाल उठा रहा है। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि स्कॉलर्स ने भी इस पर सवाल किया है। पाठ्यक्रम में बदलाव का असर यह होगा कि अब पाठ्य पुस्तकों में मुगल साम्राज्य और उसके बादशाहों-बाबर, अकबर, शाहजहां, औरंगजेब आदि-का इतिहास नहीं पढ़ाया जाएगा। महात्मा गांधी की हत्या के बाद आर.एस.एस. सरीखे कथित सांप्रदायिक संगठनों पर पाबंदी लगाई गई थी। आरएसएस गांधी को पसंद नहीं करता था, क्योंकि गांधी देश में हिंदू-मुस्लिम एकता के पैरोकार थे। कुछ हिंदूवादी और उग्र संगठन भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने पर आमादा थे, लिहाजा गांधी की हत्या के कई प्रयास किए गए। पाठ्यक्रम से इसे हटा दिया गया है, क्योंकि संघ पर पाबंदी तात्कालिक थी और तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल ने ही उस पाबंदी को हटाया था। उस दौरान के पत्रों को पढना चाहिए कि आखिर सच क्या था? बहरहाल 1975-77 के आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी सरकार ने संवैधानिक शक्तियों का जमकर दुरुपयोग किया। न्यायपालिका और प्रेस को कुचलने के प्रयास किए गए। विपक्षी नेताओं और पत्रकारों को जेलों में ठूंस दिया गया। विशेषज्ञों ने इस अध्याय को क्यों हटा दिया, यह हमारी समझ के परे है। भारत में लोकतंत्र की मजबूती का आकलन करना है, तो आपातकाल को पढना और जानना, कमोबेश नई, युवा पीढ़ी के लिए, बेहद प्रासंगिक है। देश का प्रधानमंत्री भी चुनाव हार सकता है और जनता पार्टी सरकार के रूप में एकीकृत, संगठित विपक्ष की पूर्ण बहुमत वाली सत्ता भी स्थापित हो सकती है, ये आपातकाल के जुल्मों के फलितार्थ ही हैं। उन्हें क्यों न पढ़ाया जाना चाहिए? गुजरात के गोधरा में हिंदू कारसेवकों को जिंदा जला दिया गया और फिर 2002 के सांप्रदायिक दंगे भडके। ऐसे कमोबेश सैकड़ों दंगे भारत की जमीं पर भडके और फैले हैं, बल्कि गोधरा से भी बर्बर और वीभत्स दंगों का साक्षी यह देश रहा है, पाठ्य पुस्तकों में किन दंगों को पढ़ाएंगे और किन्हें हटाएंगे, यह चयन करना असंभव है, लिहाजा गोधरा दंगों को हटाना विवेकपूर्ण निर्णय है। नफरती दंगों को छात्रों को पढ़ाने से कौन-सी विद्वत्ता और कौन-सा ज्ञान हासिल होगा? हिंदी की पुस्तक से महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की कविता को हटाना हमें भी पीडित कर गया, लेकिन साहित्यिक विश्लेषण हमें स्पष्ट बताता है कि निराला के बाद करीब आठ दशकों की हिंदी कविता रची गई है। मूर्धन्य, समकालीन, प्रासंगिक कवियों की भरमार है, जो प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी आदि छायावादी कवियों से कमतर नहीं हैं। कविता का बहुत विस्तार हुआ है। छात्र उन कवियों और लेखकों की रचनाएं क्यों न पढ़ें? साहित्यिक विकास पर छाती पीटना महज प्रलाप है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की स्थापना एक स्वायत्त संस्था के तौर पर 1961 में की गई थी। भारत में स्कूली शिक्षा के गुणात्मक सुधार में सहायता करने के लिए मुख्य रूप से इसकी स्थापना की गई.ऐसा कहा जाता है कि इसने राष्ट्र-निर्माण और देश भर में नैरेटिव और विचारों को स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाई है।

पिछले कुछ सालों में एनसीईआरटी ने अपने सिलेबस की विषय-वस्तु और सिद्धांत में कई बदलाव किए हैं, हालांकि इतिहास से कुछ अध्यायों को हटाने के लिए कई बार इसकी आलोचना भी हुई है. हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि सिलेबस में बदलाव किया गया है। सीबीएसई कई राज्य बोर्डों के साथ अपने पाठ्यक्रम में कक्षा 1 से 12 के लिए एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों का अनुसरण कर रहा है। इसके अलावा छात्र कई प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे आईआईटी, एनईईटी, यूपीएससी आदि के लिए इन किताबों पर भरोसा करते हैं। एनसीईआरटी के अनुसार, सिलेबस में जो बदलाव हुआ है वह देश भर के उन सभी स्कूलों पर लागू होगा जहां एनसीईआरटी की किताबें पढ़ाई जा रही हैं। सीबीएसई और उत्तर प्रदेश बोर्ड सहित कई अन्य बोर्ड एनसीईआरटी की किताबों को मान्यता देता हैं। ये बदलाव चालू शैक्षणिक सत्र से लागू किए जाएंगे। इससे पहले भी एनडीए सरकार ने सिलेबस बदलने की कोशिश की थी, जिसे उसने पहले के प्रभाव को हटाने वाला करार दिया था। 2005 में एनसीईआरटी सिलेबस में बड़े बदलाव हुए और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा (2005) पेश की गई। इसके तहत कांग्रेस सरकार ने पिछली बीजेपी सरकार द्वारा किए गए बदलावों को पूर्ववत करने की कोशिश की। 2017 में एनसीईआरटी ने 182 पाठ्यपुस्तकों और टॉपिक्स को अपडेट किया जो वर्तमान सरकार की नीतियों से मेल खाता है। विवाद और बहस के बीच एनसीईआरटी के निदेशक ने स्पष्ट किया है कि ये बात बिल्कुल झूठ है कि इतिहास को बदला जा रहा है। कोरोनाकाल के दौरान से सिलेबस कम करने की कोशिश शुरू हुई थी, जिसके तहत ये किया गया है। मुगलों का इतिहास सिलेबस से नहीं हटाया गया है, जिन चीजों का रिपीटिशन हो रहा था उन्हें हटाया गया है। बावजूद इस मुद्दे पर राजनीति जारी है। हमें आजादी मिले 75 साल हो चुके हैं। आज भारत परमाणु-शक्ति वाला देश है, औद्योगिक और प्रौद्योगिकी सम्पन्न देशा है, विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनिया का सबसे बड़ा, सकारात्मक और सार्थक बाजार वाला देश है। हम हथियार से विमान तक खुद बनाते हैं। साफ्टवेयर में दुनिया का सबसे ताकतवर देश है। फिर भी हम स्वतंत्रता से पहले के पूर्वाग्रही इतिहास को कब तक अपने छात्रों को पढ़ाते रहेंगे? इतिहास से खिलवाड़ नहीं किया जा रहा, बल्कि नए तथ्यों को जोडने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसी भी परिवर्तन पर हो-हल्ला मचाने की बजाय हमें उस परिवर्तन की सच्चाई को समझना श्रेयस्कर रहता है। लेकिन राजनीतिक दलों की राजनीति ही करनी है तो उसका इलाज किसी के पास नहीं है।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

# कविता

## आपके जादुई हाथों का हुनर

अपने जादूई हाथों में ये हुनर रखना,
दिल का दरिया मिले उसे समंदर करना।

खताओं को मेरी माफ करना,
दुआओं से अपनी मुझे सिकंदर करना।

बहुत टूटा है तड़पता है दिल तुम्हारे लिए,
रहम से अपनी मुझे तरबतर करना।

चीर के देख लो दिल आप ही आप हैं,
बेवफाई मिले तो दिल से बाहर करना ।

करिश्माई वजूद, रूहानी एहसास है आपका,
मुझे भी खुदा की खिदमत में नजर करना ।

दूर-दूर अजनबी यों से क्यों बैठे हो,
जिस न सही रूप मेरी नजर करना।

फूल दे आये थे जिन हाथों में हम,
शुरू किया उन्हीं हाथों ने कलम सर करना।

संजीव ठाकुर

## कोरोना के संग जीना सीखने की जरूरत

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**कोरोना म**हामारी के मामले एक बार फिर से प्रकाश में आ रहे हैं। इस महामारी से बचाव के लिए सरकार ने लगभग सवा दो अरब वैक्सीन डोज देशवासियों को लगा कर पूरे विश्व में एक मिसाल कायम की। कोरोना संक्रमण में तेजी की खबरें चिंतित तो करती हैं लेकिन अब घबराने जैसी स्थिति नहीं है। एक तो सवा दो अरब टीकों से हासिल रोग प्रतिरोधक क्षमता है, वहीं भारतीयों की प्राकृतिक इम्यूनिटी भी इसके मुकाबले भारी पड़ेगी। कोरोना वारयरस एक बार फिर से धीरे-धीरे अपनी रफ्तार भारत में तेज करता दिख रहा है। हालांकि अभी नंबर इतने अधिक नहीं हैं लेकिन जिस तेजी से यह दोबारा बढ़रहा हैयह भारत के लिए चिंता का विषय है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 6.78 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 4.49 प्रतिशत है। कई राज्यों में कोविड के दैनिक मामले हर दिन बढ़ रहे हैं। केरल, दिल्ली, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में वायरस के केस ज्यादा आ रहे हैं। इस बीच ये सवाल भी उठता है कि कोरोना का ये चढ़ता ग्राफ कम कम होगा। विशेषज्ञों के अनुसार कोविड केस बढ़ने के कई कारण हैं। इनमें पहला ओमिक्रोन एक्सबीबी वीकेएस 1.16 वेरिएंट हैं। ये वेरिएंट भारत के अधिकतर राज्यों में फैल चुका है.?। हर दिन इसके केस में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। ये वेरिएंट पिछले सभी ओमिक्रॉन वेरिएंट्स की तुलना में ज्यादा संक्रामक है। चूंकि समय के साथ वायरस में म्यूटेशन होता है तो ये खुद को बदलता रहता है। इस वजह से लोग वायरस की चपेट में आ जाते हैं। यह ठीक है कि नये संक्रमण से ग्रस्त रोगियों को बुखार, सिरदर्द, बेचैनी व गले में दिक्कत होती है, लेकिन दो-तीन दिन में ये ठीक भी हो जाते हैं। अस्पताल में लोगों को भर्ती कराने की जरूरत कम पड़ रही है। कमजोर इम्यूनिटी वालों में संक्रमण से गंभीर लक्षण भी हो रहे हैं। हालांकि वायरस की वजह से मौतें नहीं हो रही हैं। लेकिन इसका तेजी से फैलना चिंता पैदा करता है। यही वजह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन लगातार इसकी निगरानी की सलाह दे रहा है। चिंता इस बात को लेकर भी है कि कहीं ज्यादा फैलने पर यह वायरस रूप बदलकर घातक न होने लगे। जिसके मद्देनजर केंद्र व राज्यों को अपने स्तर पर पूरी तैयारी रखनी चाहिए। कोरोना के बढ़ते मामलो को देखते हुए सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। हाल में राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की बैठक इसी दिशा में कदम था। वैसे बुजुर्गों, असाध्य रोगों से ग्रसित मरीजों, विभिन्न लाइफ स्टाइल जनित रोगों से जूझ रहे लोगों को इस स्थिति में अतिरिक्त सावधानी जरूर बरतनी होगी। साथ ही बूस्टर डोज न लेने वाले लोगों को यथाशीघ्र इसे लेना होगा। लेकिन यहां विचारणीय तथ्य यह है कि कोरोना संक्रमण पहला व अंतिम नहीं है। आने वाले समय में ऐसी तमाम चुनौतियां हमारे सामने आ सकती हैं।

# विचार

## खारिज कांग्रेस से गठजोड़ करने को बेकरार नीतीश !

**अशोक भाटिया**

**बिहार के मु**ख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता के केंद्रबिंदु बनने हेतु प्रयासरत हैं। विपक्ष से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार होने की चाहत में उन्होंने सात महीने पहले एनडीए का साथ छोड़ा था। तब से लगातार प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस को रिझाने में लगे हैं। उनके लिहाज से लोकसभा की सदस्यता और सरकारी कोठी तक गंवा बैठे राहुल गांधी से हाल ही में हुई मुलाकात महत्वपूर्ण है। असल में नीतीश कुमार 2009 से ही प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार होने की जुगत में लगे हैं जब लोकसभा चुनाव में लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में एनडीए को हार मिली थी। यह बात दीगर है कि तब वो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से आस लगाए बैठे थे। इसके लिए वह आज भी उम्र की वजह से राजनीति से रिटायर हो चुके आडवाणी जी से अपने मधुर रिश्ते की दुहाई देते रहते हैं। भाजपा ने बेजोड़ जीत के लिए 2013 में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाकर नीतीश की उम्मीद पर पहला कुठाराघात किया था। इससे निराश होकर उन्होंने एनडीए का दामन छोड़ धुरविरोधी लालू प्रसाद को गले लगाया और लोहिया जैसे बड़े समाजवादी नेताओं की भावना के विपरीत कांग्रेस के साथ गठबंधन कबूल कर लिया। अब तो राजनीतिक पंडित भी नहीं सनझ पा रहे कि न जाने कौनसी मजबूरी है जो नीतीशकुमार कांग्रेस से हाथ मिलाने को बेकरार है । अगर नीतीश में नैतिकता का लोप नहीं हुआ होता तो वे साथी के तौर पर जनता द्वारा खारिज की जा चुकी कांग्रेस से हाथ मिलाने को तैयार नहीं होते। वह तो कांग्रेस को तोड़ कर उसके नेताओं को अपने संस्कार सिखाने के लिए जेडीयू का हिस्सा बनाते रहे हैं। अशोक चौधरी इसके बड़े उदाहरण आपको मिल जाएंगे। आश्चर्य तो तब हुआ था जब विपक्षी एकता के लिए वे उसी कांग्रेस के आगे गिड़गिड़ा रहे थे जिसको बिहार में नेस्तनाबूद करने की उन्होंने चाल चली थी। कांग्रेस ने भी उन्हें बातचीत के लिए बुलाया तो अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर। खरगे अगर अपनी पार्टी के अध्यक्ष हैं तो उनसे बात करने के लिए जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ही काफी थे। दो पार्टियों के अध्यक्ष बात करते तो यह शोभा भी देता। नीतीश का जो कद रहा है, उसमें सोनिया गांधी या राहुल गांधी से मुलाकात ही मायने रखती है। नीतीश कुमार एक जुमला अक्सर दोहराते रहते हैं कि करप्शन, कम्युनलिज्म और क्राइम से कोई समझौता नहीं करेंगे चाहे कोई भी उनके साथ रहे। कोई से उनका आशय भाजपा और आरजेडी से होता है, इसलिए कि वे बदल-बदल कर इन्हीं दो दलों के साथ अपनी सरकार चलाते आए हैं। सच्चाई यह है कि उन्हें अब अपने घोष वाक्य से इतर जाने में कोई संकोच नहीं होता। लालू परिवार पर लगे करप्शन के आरोपों से कौन अनजान है। लालू यादव तो चारा घोटाले के सजायाफ्ता ही हैं। तेजस्वी यादव सीबीआई और ईडी का सामना कर रहे हैं। लालू यादव की पत्नी और बेटियां भी करप्शन के आरोपों से अब घिर चुकी हैं। लेकिन उनके साथ सरकार चलाने में अब नीतीश को करप्शन आड़े नहीं आता। और तो और, कांग्रेस के दो शीर्ष नेता- सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी नेशनल हेराल्ड केस में फंसे हुए हैं। फिर भी नीतीश को इससे कोई परेशानी नहीं है। यहां यह जिक्र करना जरुरी होगा कि 2017 में तेजस्वी यादव के खिलाफ सीबीआई ने जब केस दर्ज किया था तो नीतीश ने अच्छी खासी चलती सरकार पलट दी थी। आरजेडी से किनारा कर भाजपा के साथ सरकार बना ली थी। कहा था- तेजस्वी जनता के बीच जाकर अपने निर्दोष होने की सफाई दें। सबको पता है कि सियासत में सफलता के सोपान तक पहुंचने में नीतीश को सर्वाधिक मदद कैसे मिली। लालू यादव और राबड़ी देवी के शासन काल में अपराध और भ्रष्टाचार का बोलबाला था। यह देख कर ही पटना हाईकोर्ट ने तब जंगल राज की बात कही थी। नीतीश ने बिहार में जंगल राज को मुद्दा बनाया। लालू-राबड़ी का विरोध किया। नीतीश का 1994 से शुरू हुआ लालू-राबड़ी का विरोध आखिरकार 2005 में रंग लाया और नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी मिल गई। जिनके विरोध के बिना पर नीतीश ने अपना जनाधार बनाया और कामयाबी हासिल की।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## पुलिस की छाया में उभरा आतंकी साया

**डा. भरत मिश्र प्राची**

**अतीक** अहमद के आतंक से पूरा परिवेश प्रभावित रहा, इसमें कोई संदेह नहीं। उसके गुनाह की सजा देना न्यायालय का दायित्व है। उसके गुनाह के लिये न्यायालय फांसी तक की सजा दे सकता है। न्यायालय की सजा के तहत अतीक अहमद और उसका भाई अशरफ जेल में कैद रहे जिनकी मेडिकल जांच के लिये प्रयागराज में पुलिस की छत्रछाया में ले जाते समय रास्तें में मीडिया कर्मी के बीच मीडिया कर्मी बन कर आये तीन युवा हमलावारों ने पुलिस के सामने हीं दनादन लगातार गोली चलाकर अतीक अहमद एवं उसके भाई अशरफ को ढ़ेर कर पुलिस के सामने आत्मसर्म्पण कर दिया। पुलिस के सामने घटित इस तरह की घटना अनेक सवाल खड़ा करती है। इस तरह की घटना से पूरा मीडिया जगत भी कलंकित हो रहा है। मीडिया कर्मी बनकर आये इस तरह की घटना में शामिल लवलेश तिवारी,मोहित उर्फ सनी एवं अरूण मौर्य को किसने मीडिया का पास दिया। इस तरह के परिवेश में हर आने वाले की पुलिस जांच करती है, फिर इन फर्जी मीडिया कर्मी बने हमलावार के हथियार की जांच में पुलिस से कहां चूक हो गई। हमला करते समय पुलिस ने इन हमलावारों पर गोली क्यो नहीं चलाई ? इस तरह का पूरा परिवेश घटनाक्रम को शक के दायरे में खड़ा करता है, जहां पुलिस की छाया में उभरी आतंकी साया के पीछे किसी न किसी की माया शामिल है जिसका पदार्फाश होना लोकतंत्र के हित में जरूरी है वरना लोकतंत्र में कानून का राज धरासायी हो जायेगा। पुलिस संरक्षण पर से भी सदा - सदा के लिये विश्वास उठ जायेगा।

गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद एवं उसके भाई अशरफ को पुलिस की उपस्थिति में विदेशी पिस्तौल के माध्यम से प्रहार कर मृत्यु के घाट पहुंचाने वाले पुलिस की पकड़ में आये युवा हमलावारों ने पुलिस के सामने यूपी के बड़े गैंगस्टार बनने की इच्छा जाहिर करते हुये इस घटना को अंजाम देने का कारण बताया। इस तरह गैंगस्टार बनने की तमन्ना रखने वाले इस तरह की घटना को अंजाम देते रहे तो आतंक का साया कैसे खत्म हो पायेगा, विचारणीय है।

## कागज है कागज क्या...

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**सिग्नल पर** सिर्फ बत्तियों के रंग नहीं बदलते, वहाँ आती-जाती गाड़ियों और उनके चालकों के भी रंग बदलते हैं। पक्की और चमचमाती सड़कों की बांहों में लोटने वाली फेरारी, ऑडी, बीएमडब्ल्यू कारों के साथ-साथ भीख मांगने वाले हाथ विकास के बदन पर किसी फोड़े-फुंसी से कम नहीं लगते। यहाँ पर देश का विकास महंगी कारों की ओर निहारता है तो पिछड़ापन भिखारियों के कटोरे में चिल्लर बनकर खनकता है। सच कहें तो अमावस और पूर्णिमा एक साथ देखने का अहसास केवल हमारे देश में ही हो सकता है। ऐसे ही किसी दिन मेरी गाड़ी सिग्नल पर खड़ी थी। चौराहा इतना भीड़-भाड़ वाला था कि 180 सेकेंड तक वहाँ रुकना था। गाड़ियों का हुजूम देश की बढ़ती जनसंख्या का समर्थन कर रहा था। पदचालक गाड़ियों और गाड़ियाँ पदचालकों की जगह खा रहे थे। जिब्रा क्रॉसिंग तो जिब्राओं के लिए होता है। जब देश में जिब्रा है ही नहीं तो इनके बनाने का क्या मतलब? यह तो सरासर लोगों को बेवकूफ बनाना नहीं तो और क्या है? क्रॉसिंग बनाने का इतना ही शौक है तो कोई गधा क्रॉसिंग बनाते। मैं अब तक समझता था कि व्यापार केवल दुकानों, शॉपिंग मॉलों, रेहड़ पट्टी पर ही हो सकता है। किंतु सिग्नल वाले चौराहे को देखने पर समझ आया कि यह मेरी गलतफहमी है। यहाँ जितना व्यापार होता है उतना ही शायद कहीं ओर होता होगा। कलम, अगरबत्ती, खिलौने, खाने-पीने की चीजें, सीजनल वस्तुएँ जैसे पतंग, पिचकारी, झंडे, दिवाली की लाइटें सभी कुछ तो यहाँ बिकता है। ऐसे ही बेचने वालों में एक छह-सात का लड़का मेरे पास आया और कलमें बेचने लगा। मैंने उससे पूछा कि यह तुम क्या कर रहे हो? स्कूल क्यों नहीं जाते? मेरे सवालों की झड़ी के बीच में अचानक से कहीं उसकी माँ आकर कूद पड़ी। बोली झ ह्यखरीदना है तो खरीदो सहब! बेकार की बातें मत करो!ह्य मैं कुछ कहने ही वाला था कि वह मुझे भांप गयी। वह दूसरी पर छोर पर गाड़ी साफ करने वाले युवक की ओर संकेत करते हुए कहने लगी झ ह्यपढ़-लिखकर आज के जमाने में लोग कितना कमाते हैं, उससे जाकर पूछो। डिग्री पढ़ा है। लेकिन क्या फायदा? डिग्री से इज्जत बढ़ती होगी, भूख नहीं मिटती। भूख लगने पर खाना खाते हैं, डिग्री के टुकड़े तो नहीं। जो काम आए उसे डिग्री कहते हैं।

# तरावड़ी में तीन मंजिला राइस मिल ढहने से चार की मौत

## 25 लोग मलबे में दबे, 120 मजदूरों ने खिड़कियों से कूदकर बचाई जान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** कस्बा तरावड़ी में मंगलवार तडके साढ़े तीन बजे के करीब शिव शक्ति राइस मिल की तीन मंजिला इमारत ढह गई। इसके मलबे में दबकर 4 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 20 से 25 मजदूर मलबे में दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि 120 मजदूरों ने खिड़कियों से कूदकर जान बचाई।

तरावड़ी की शिव शक्ति राइस मिल की इस इमारत में करीब 200 मजदूर रहते थे। इनमें से कुछ रात को काम पर गए हुए थे। बाकी इमारत में सो रहे थे। एनडीआरएफ व पुलिस टीमों का रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हो गया है। ये ऑपरेशन 7 घंटे चला। शुरूआती जानकारी के मुताबिक मरने वाले मजदूर बिहार के अररिया, बेगूसराय, खगडिया और समस्तीपुर के रहने वाले हैं।





खगडिया के रहने वाले चश्मदीद मजदूर विजय कुमार ने बताया कि कल भी बिल्डिंग में
25 लोग मलबे में दबे, 120 मजदूरों ने खिड़कियों से कूदकर बचाई जान काम हुआ। सब थककर सो रहे थे। रात 3 बजे बिल्डिंग गिर गई। जितने भी लोग बरामदे में सो रहे थे, सब चपेट में आ गए। रूम में रहने वाले बच गए। बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर सो रहे सुमित ने बताया कि रात 3 बजे के करीब हम सो रहे थे। अचानक धमाके जैसी आवाज आई। बाहर निकले तो देखा कि बिल्डिंग की अगली साइड वाला हिस्सा नीचे गिरा हुआ है।

एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा कि मालिक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। 3 मंजिला इमारत के पहले फ्लोर पर रिपेयरिंग का काम चल रहा था। उन्होंने बताया कि लेबर कॉन्ट्रैक्टर से लिस्ट ली गई है। इसके आधार पर लापता लोगों की तलाश की जा रही है। हादसे में मारे गए लोगों के नाम संजय कुमार, पंकज कुमार, अवधेश और चंदन हैं।

जिला उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि राइस मिल में इनकी लेबर रहती थी। शुरूआती जांच में पता चला कि बिल्डिंग का स्ट्रक्चर अनसेफ था। इसके लिए हमने एसडीएम की अगुआई में जांच कमेटी बना दी है, जिसमें पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के एक्सइएन को शामिल किया गया है। वे अपनी रिपोर्ट सबमिट करेंगे कि बिल्डिंग के स्ट्रक्चर की क्या स्थिति थी। रिपोर्ट के बाद एक्शन लिया जाएगा।

## क□स्टेडियम में बनेगी उ. भारत की पहली कलाईम्बिंग वालः अनीश

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर की वाल में प्रयुक्त होंगे विदेश आयातित उपकरण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल** के कर्ण स्टेडियम में उत्तर भारत की पहली कलाईम्बिंग वाल बनेगी। खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर एक नया अध्याय जुडने जा रहा है। यह वाल स्मार्ट सिटी मिशन के फंड से तैयार की जाएगी। मंगलवार को उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने इस विषय को लेकर गुरूग्राम आधारित आलिया इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि श्रीपाद और उनके सहयोगी इंजीनियरों के साथ एक मीटिंग कर इस प्रोजेक्ट पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि शहर के कर्ण स्टेडियम में निमार्णाधीन बहुउद्देशीय हाल और स्टेज के बीच मौजूद करीब 32 मीटर के स्पेस में कलाईम्बिंग वाल का निर्माण किया जाएगा। फिलहाल प्रोजेक्ट की कीमत डेढ से 2 करोड़ रुपए अनुमानित बताई गई है। विदेशी पैनल लगाने से इसकी कीमत बढ सकती है। बतौर उपायुक्त इस प्राजेक्ट का टैन्डर हो चुका है, स्पेस खाली हो जाने पर इसका निमार्ण शुरू हो जाएगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। खास यह है कि कलाईम्बिंग वाल पर रूचिकर और नवोदित खिलाड़ी चढ़ाई करके अपने हुनर को निखार सकेंगे। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि कलाईम्बिंग वाल के प्रोजेक्ट को लेकर केएससीएल की ओर से सभी तैयारियां हो गयी है। मीटिंग में उन्होने आलिया इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि से कलाईम्बिंग वाल का डिजाइन कैसा होगा, उसे देखा और उस पर चर्चा की ।

## जिले में मिले 30 नये कोरोना पॉजिटिव केस : डॉ. योगेश कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सिविल** सर्जन डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को जिला में कोरोना के 30 नये पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि 24 व्यक्ति ठीक हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1083937 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 380 सैंपल लिए गए। लिये गए कुल सैंपलों में से अब तक 50286 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 49479 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 205 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## शामली से अम्बाला तक किया जाएगा 6 मार्गीय राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**ट्रैफिक** व्यवस्था को नियंत्रित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा शामली से अम्बाला तक 6 मार्गीय राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जाना है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग से करनाल जिला से गुजरते हुए अम्बाला तक पहुंचेगा। इसके बन जाने से जहां राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर 44 पर ट्रैफिक कम होगा, वहीं यूपी और हरियाणा को जोडने में भी मददगार साबित होगा। उपायुक्त अनीश यादव ने वीडियो कांफ्रैंसिंग में प्रगति परियोजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया कि शामली से अम्बाला तक 6 मार्गीय राष्ट्रीय राजमार्ग पर करनाल जिला के 4 गांव की 7.360 किलोमीटर लंबी सीमाएं लगती हैं, इन गांवों में चंद्राव, खुखनी, कलरी जागीर तथा हंसू माजरा के नाम शामिल हैं।

## मोटरसाइकिलें चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** पुलिस करनाल की डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से दो मोटरसाईकिलें बरामद की गई हैं।

पुलिस टीम ने दो आरोपियों पारस उर्फ कालू पुत्र प्रमोद वासी विकास नगर पानीपत हाल गांव नलीपार जिला करनाल व राहुल पुत्र प्रवेश वासी गांव नलीपार जिला करनाल को चोरी की एक मोटरसाईकिल सहित कलवेहडी टी-प्वाइंट करनाल से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा थाना सिविल लाईन व थाना सेक्टर 32-33 के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी की दो वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। इसके बाद आरोपियों के कब्जे से दूसरी मोटरसाईकिल भी बरामद की गई।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशापूर्ति व ऐशो आराम के लिए मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला कारागार** में सीजेएम ी जसबीर कौर द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 5 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया और उसमें से 3 केसों में 4 के जुर्म कबूलने के बाद अंडरगोन किया गया।

सीजेएम ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने महिला कैदियों के बैरक में जाकर सभी महिला कैदियों से वातालर्प की और उनको होने वाली किसी भी तरह की परेशानी के बारे में पूछा।



साथ ही साथ कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है।


उन्होंने बताया कि अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख रुपये से कम है, ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने के हकदार हैं।

आज की जेल लोक अदालत में जिला जेल अधीक्षक अमित भादू, उप अधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज भी उपस्थित थी। जेल अधीक्षक ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि हम सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए न हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

## समस्याओं के समाधान में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्तः अभिमन्यु

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सरकार राज्य** के नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई तरह के प्रयास करती है। नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को जल्द से जल्द निवारण करने के लिए आज प्रेम नगर स्थित सीएम हाऊस में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निजी सचिव अभिमन्यु सिंह ने पहुँचकर जनसमस्याओं को सुना और तुरंत प्रभाव से सम्बंधित अधिकारी को समस्या निवारण हेतु उचित निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समस्याओं के समाधान में कोई भी लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पेंशन व फैमिली आईडी से संबंधित समस्याएं हेतु एवं लोगों की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश जारी किए। कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने भी लोगों की शिकायतों को सुनने के पश्चात उनके समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए।



## हरियाणा के युवाओं में हरियाणवीं संस्कूति के प्रति लगाव पैदा होगा

**पानीपतः फेम आफ** इंडिया द्वारा हरियाणा के उभरते हुए कलाकारों को एक ऐसा मंच प्रदान किया जाएगा। जिससे वह अपना भविष्य सुनहरा बना सकते हैं। इसके लिए उन्हें आर्थिक सहयोग भी दिया जाएगा। यह बात फेम इंडिया के संचालक,चेतन एडवरटाजिंग के सह संपादक व निदेशक, हम सेवक शाम के के ब्रांड एबेंसडर आल इंडिया फिल्मस एवं टेलीविजन आर्टिस्ट एसोसिएशन के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट अनिल अरोड़ा ने आज यहां स्काईलार्क में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी।

## आप नेताओं ने तरावड़ी दुर्घटना स्थल का किया दौरा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आम आदमी** पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने मंगलवार को तरावड़ी राइस मिल में पहुंचकर घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने घायल और मृतक मजदूरों के परिवारों से बातचीत की और खट्टर सरकार से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने राइस मिल हादसे में मृत मजदूरों के परिवारों से मिलकर सांत्वना दी और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि सुबह ही इस दुखद घटना की जानकारी मिली थी। अभी पता चला है कि इस हादसे में 4 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि अभी तक 20 के घायल होने की जानकारी है। उन्होंने प्रशासन और हरियाणा सरकार से मृतक मजदूरों को 1 करोड़ मुआवजा देने की मांग की। साथ ही उन्होंने हादसे के कारण पूर्ण रूप से विकलांग मजदूरों को भी 10 लाख मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सभी घायल मजदूरों को पूर्ण रूप से स्वस्थ होने तक उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएं।

**कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज और विर्क अस्पताल में भी गए दोनों नेताः** डॉ. सुशील गुप्ता और डॉ. अशोक तंवर दुर्घटना स्थल का दौरा कर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में पहुंचे। वहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सभी मृतक प्रवासी मजदूर थे, जो कि यहां से पैसे भेजकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। इसलिए सरकार को आम आदमी पार्टी की मांग के अनुसार एक करोड़ का मुआवजा देने चाहिए।

वहीं उन्होंने घायल मजदूरों से विर्क अस्पताल में मुलाकात की और उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि सरकार घायल मजदूरों को निशुल्क और बढिया चिकित्सा सुविधा प्रदान करे।

## राष्ट्रपति के आगमन को लेकर किया एनडीआरआई का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने मंगलवार को देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के आगामी 24 अप्रैल को करनाल आगमन के दृष्टिगत स्थानीय राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान का दौरा किया और कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी और एन.डी.आर.आई. के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। बता दें कि राष्ट्रपति आगामी 24 अप्रैल को एन.डी.आर.आई. के सभागार में आयोजित होने जा रहे दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगी और छात्र-छात्राओं को उपाधियों से अलंकृत करेंगी। उपायुक्त ने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति महोदया का करनाल दौरा हम सबके लिए गर्व की बात है और यह करनालवासियों के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और आला दर्जे के प्रबंध सुनिश्चित करें।



इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के आयोजन को लेकर किए जाने वाले प्रबंधों पर भी बिंदुवार चर्चा की। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने अपने दौरे के दौरान एनडीआरआई के खेल स्टेडियम का भी दौरा किया और वहां बनाए जाने वाले हैलीपैड का भी जायजा लिया तथा सुरक्षा की दृष्टि से किए जाने वाले सभी प्रबंधों की जानकारी ली। इस अवसर पर नगराधीश अमन कुमार, एसडीएम इंद्री राजेश पुनिया, एसडीएम असंध मनदीप कुमार, प्रबंधक शुगरमिल डॉ. पूजा भारती सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 505 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित महिला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी नारकोटिक** सैल की टीम द्वारा एक महिला को गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। महिला के कब्जे से 505 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई है।

पुलिस टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी महिला सोनम पत्नी रविन्द्र कुमार वासी गुढ़ा इन्द्री जिला करनाल को उसके मकान के अंदर से 505 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू किया। इस संबंध में महिला के खिलाफ थाना इन्द्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में महिला द्वारा खुलासा किया गया कि वह पिछले कुछ समय से गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करती है। उसने उपरोक्त गांजा पत्ती को पड़ोस की रहने वाली एक महिला से पांच हजार रुपए में खरीदा था। इसके बाद महिला इस गांजा फूल पत्ती को नशे के आदी लोगों को मंहगे दाम पर बेचकर मुनाफा कमानी चाहती थी। आरोपिया सोनम को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जिस महिला से आरोपिया ने गांजा फूल पत्ती खरीदा था, उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## 'नागरिक अस्पताल प्रोजैक्ट का डिजाइन लगभग फाइनल'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर के** सैक्टर 32 में बनने वाले जिला नागरिक अस्पताल बिल्डिंग का डिजाईन लगभग फाईनल हो गया है। इसे लेकर गठित एक कमेटी की मीटिंग में मंगलवार को देर तक डीसी ने चर्चा कर कुछ बदलाव करने के निर्देश दिए। फाईनल डिजाईन का अवलोकन कमेटी के सदस्य एक बार फिर करेंगे। उसके बाद कन्सलटेंट एजेंसी इसका एस्टीमेट तैयार करेगी। डिजाईन को एचएसवीपी की ओर से चीफ आर्किटैक्ट हरियाणा को अप्रूवल के लिए भेजा जाएगा और उसके बाद इसके निर्माण को लेकर आगे की कार्यवाही प्रारंभ होगी। सरकारी अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं वाले निजी अस्पतालों जैसा होगा।




मीटिंग में इसके डिजाईन पर देर तक चर्चा इसलिए की गई, ताकि निर्माण के बाद इसमें उपलब्ध करवाई जाने वाली सभी सुविधाएं भविष्य की जरूरतों के अनुसार हों। कमेटी के सदस्यों के साथ चर्चा में उपायुक्त का कहना था कि अब इसे फाईनल ही कर दो।

**साढ़े नौ एकड़ में बनेगा राजकीय अस्पताल**–उपायुक्त अनीश यादव जो करनाल स्माट सिटी लिमिटेड के सीईओ हैं, ने मीटिंग में जानकारी दी कि नया राजकीय अस्पताल सैक्टर 32 में साढ़े नौ एकड़ स्थल पर बनाया जाएगा। यह 200 बैड का होगा, लेकिन प्रयोग के समय इसकी क्षमता 300 बैड तक हो सकती है। इसमें इन्डोर व आउटडोर रोगियों के लिए सभी मल्टीस्पेशलाईज्ड सुविधाएं होंगी। दिल्ली बेस्ड मूरालेज कंपनी ने इसका डिजाईन तैयार किया है, जिसे एचएसवीपी द्वारा हायर किया गया है। कंपनी के कन्सलटेंट हर्ष और उनके सहयोगी मीटिंग में डिजाईन लेकर आए थे, जिसे उन्होंने स्क्रीन पर ब्रीफ किया। हालांकि प्राजैक्ट 100 करोड़ की कोस्ट का बताया गया है लेकिन डिजाईन में कुछ बदलाव के बाद इसकी कोस्ट बढ़ सकती है। यह स्मार्ट सिटी मिशन के फंड से बनाया जाएगा। जिला स्तरीय नागरिक अस्पताल के निर्माण का चयन सैक्टर 32 की जिस जगह पर किया गया है, वह लोकेशन के हिसाब से बहुत ही अच्छी है। इसमें रोगी तथा उनके साथ आने वाले तीमारदारों की भीड़ नहीं रहेगी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल का जन्मदिन

## भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल के जन्मदिन पर हुआ भंडारे का आयोजन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व भाजपा नेता डॉ. महेन्द्र नागपाल का जन्मदिन उनके समर्थको ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया।
सुबह से डॉ. महेन्द्र नागपाल को जन्मदिन की बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। इस दौरान उनके समर्थको ने जहां एक और डॉ. महेन्द्र नागपाल को जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु व अच्छे स्वस्थ्य जीवन की कामना की। तो वहीं पूर्व विधायक डॉ महेंद्र नागपाल का जन्मदिन पर उधम सिंह पार्क वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी जेजे सैल के कार्यकर्ताओं द्वारा भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में केक काटा गया और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर निगम पार्षद योगेश वर्मा, जेजे सैल जिला संयोजक जीवन लाल, सह संयोजक वीरेन्द्र गुप्ता, मनोज भारद्वाज, रविन्द्र दीक्षित, प्रमोद कश्यप, राजकुमार गुप्ता, जिला मंत्री रचना वशिष्ठ, देवपाल, मण्डल अध्यक्ष अरविन्द लाकड़ा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र पासवान, मंडल महामंत्री संजीव पाठक, मुनेश कुमार, कमल उपाध्यक्ष, चंद्र पाल जेजे सैल मण्डल संयोजक सुग्रीम प्रसाद, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीतू भारद्वाज सुनील मल्होत्रा, पूरन चंद कोली, तरुण मिश्रा, राकेश, बंटी गुप्ता, रमन, महेंद्र मौर्य, ओम प्रकाश तिवारी व अन्य प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।








बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव झा के आदेशानुसार मंगलवार को जलबोर्ड कार्यालय में अधिकारियों के साथ बुराड़ी क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस मौके पर जय प्रकाश यादव सचिव बुराड़ी विधानसभा और विधायक प्रतिनिधि जलबोर्ड, अशीत कुमार, सन्नी उपाध्याय मौजूद रहे।

# शालीमार बागः रोड़ पर लगी झाड़ियों की हो कटाईः सत्यपाल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शालीमार बाग के केला गोदाम रोड़ की सैंट्रल वर्ज पर झाडियां बढ़ी हुई है। जिस कारण से वाहन चालको को परेशानी हो रही है। उक्त जानकारी जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कहा इस संबंध में लोक निर्माण विभाग में 25 मार्च को शिकायत दर्ज कराई गई थी, मगर आज 20 दिन बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि न जाने क्यों विभाग समय कार्यवाही नहीं करता। बागवानी विभाग के अधिकारियों से निवेदन है कि अविलम्ब ही झाड़ियां की कटाई की जाये।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# बरवाला गांव में गंदा पानी आने से परेशान हैं ग्रामीण

## बरवाला गाँव में दूषित जलापूर्ति से जनता में हाहाकारः दयानंद वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बरवाला गाँव** में पिछले दो दिनों से जलापूर्ति नहीं हो रही थी। स्थानीय आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दयानंद वत्स ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती और दिल्ली जल बोर्ड को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।
आज दो दिन बाद पानी तो आया, लेकिन काला, गंदा और बदबूदार। जो किसी भी इस्तेमाल के लायक नहीं है।
दयानंद वत्स ने बताया कि उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को कई बार फोन किए। लेकिन अधिकारी फोन ही नहीं उठाते। बाद में अधिकारियों को मैसेज भी किए। लेकिन उन्होंने बात करना या जवाब देना तक मुनासिब नहीं समझा।
इस भीषण गर्मी में बरवाला गाँव के हजारों परिवार नहाना-धोना तो दूर पीने के पानी को भी तरस रहे हैं। दयानंद वत्स ने बताया कि दो दिन पहले तक जलापूर्ति सामान्य थी।
एकाएक क्या हुआ यह बताने की भी जहमत क्षेत्रीय अधिकारी नहीं उठा रहे है। दयानंद वत्स ने दिल्ली जलबोर्ड से गाँव में तत्काल स्वच्छ जल की समयबद्ध, पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है।




# जहांगीरपुरी में मनाया गया आर्य समाज का स्थापना दिवस

## हम सभी को हमेशा ही सत्य की राह पर चलना चाहिएः धर्मवीर यादव




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके में आर्य समाज के स्थापना दिवस पर जहांगीरपुरी आर्य समाज मंडल ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर ऋषि आर्यावर्त राष्ट्रपति से सम्मानित, भाजपा नेता धर्मवीर यादव व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर ऋषि आर्यावर्त ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनको शिक्षित भी किया। इस अवसर पर भाजपा नेता धर्मवीर यादव ने बच्चों को बताया कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने सभी अभिभावको से कहा कि सभी अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये। उन्होंने कहा कि सत्य की हमेशा ही जीत होती है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे और हमेशा ही सत्य के साथ चले।

# 27 व 28 अप्रैल को क्विज प्रतियोगिता का होगा आयोजनः कालका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सिख** धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सिख संगत को गुरबाणी व सिक्खी सिद्धांतों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।
इसी श्रंखला में एक कड़ी और जोड़ते हुए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने विद्यार्थियों को सिख इतिहास व गुरबाणी सिद्धांतों की अमूल्य जानकारी देने हेतु गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व व सरदार जस्सा सिंह रामगढ़िया की 300वीं जयंती को समर्पित इंटर जी.एच.पी.एस गुरमति क्विज प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है।
यह गुरमति क्विज 27 व 28 अप्रैल 2023 को श्री गुरु तेग बहादुर जी के पवित्र ऐतिहासिक स्थान गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब के लक्खी शाह वणजारा हॉल में बड़े पैमाने पर आयोजित की जाएगी। दिल्ली के विभिन्न गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों के 500 से अधिक छात्र इस गुरमति क्विज में भाग लेकर सिख इतिहास और गुरबाणी सिद्धांतों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त करेंगे।
यह गुरमति क्विज दो भागों में आयोजित होगी। पहले भाग में 27 अप्रैल 2023 को क्वार्टर फाइनल होगा। जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमें फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी।
अंतिम क्विज प्रतियोगिता 28 अप्रैल 2023 को आयोजित की जाएगी।
फाइनल क्विज राउंड में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को नकद पुरस्कार तथा स्कूलों को ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा।
दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा क्विज प्रतियोगिता आयोजित करने की पूरी जिम्मेदारी सिख इतिहास एवं गुरबाणी फोरम को दी गई है। फोरम की निदेशिका डॉ. हरबंस कौर सागू ने कहा कि गुरुमति क्विज में श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, प्रचारक यात्रा, बाणी व शहादत के अलावा दिल्ली फतेह दिवस का इतिहास और सिख रहत मयार्दा को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।






भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण यादव को जन्मदिन की बधाई देते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल व चर्चित जैन।

**मंत्री का दौरा...**

खाद्य आपूर्ति मंत्री ने आगामी ईद-उल-फितर त्योहार के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ किया क्षेत्र का निरीक्षण...

# ईद-उल-फितर त्योहार दिल्ली की मिश्रित संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता हैः हुसैन

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**खाद्य** एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने आगामी ईद-उल-फितर के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फील्ड निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।
इस दौरान मंत्री इमरान हुसैन ने सभी आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों का जायजा लिया, जिसमे पीने के पानी, एम्बुलेंस और फायर सेफ्टी आदि शामिल है। इसके अलावा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सिविल डिफेन्स वालंटियर्स की तैनाती भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। फील्ड विजिट के दौरान राजस्व विभाग, स्वास्थ्य, फायर सर्विस, एमसीडी, डीजेबी, हॉर्टिकल्चर, पीडब्ल्यूडी सहित दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे। औचक निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि त्योहारों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु/आगंतुक धार्मिक स्थलों पर जाकर प्रार्थना/नमाज अदा करते हैं। साथ ही रिश्तेदारों और दोस्तों को बधाई भी देते हैं। ऐसे में विशेष रूप से त्योहारों के दौरान ईदगाह और धार्मिक स्थलों के आसपास की सड़कों और गलियों में पर्याप्त स्वच्छता और साफ-सफाई सुनिश्चित करना आवश्यक है।
उन्होंने कहा कि कूड़े के निस्तारण के लिए प्राथमिकता के आधार पर पर्याप्त संख्या में टिपर(कचरा इकट्ठा करने वाली गाड़ी) लगाई जानी चाहिए। कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने लोक निर्माण विभाग को धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के साथ-साथ फुटपाथों की समुचित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
उन्होंने बीएसईएस को ईद-उल-फितर त्योहार के अवसर पर बिजली की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने और खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की जल्द से जल्द मरम्मत करने के लिए कहा। ताकि दिल्ली की सड़के व गलियां रोशनी से जगमग हो।
इसके अलावा दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को त्योहार के दौरान निवासियों को उचित जल निकासी और पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी विशेष निर्देश दिया।



**निर्देश...**

= दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को त्योहार के दौरान निवासियों को उचित जल निकासी और पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी विशेष निर्देश दिया।

# बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाये सरकारः अशोक यादव

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस नेता** अशोक यादव ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को ही जाता है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री यादव ने कहा कि आज रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है, लेकिन सरकार महंगाई कम करने की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है। अशोक यादव ने बताया कि कई बार चीजों के दाम भी बढ़ाये गये है, जिससे लोग परेशान हो रहे है।



# विधायक पवार ने बिजली मंत्री को सौंपा ज्ञापन

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने चंडीगढ़ में पार्श्वनाथ निवासियों के साथ बिजली मंत्री रणजीत चौटाला से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**विधायक** सुरेंद्र पवार ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सचिवालय में पार्श्वनाथ आरडब्ल्यूए एसोशिएशन के पदाधिकारियों के साथ हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें पार्श्वनाथ में बिजली की किल्लत से अवगत करवाया गया। इस पर मंत्री ने तुरंत सोनीपत बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता को फोन कर पार्श्वनाथ वासियों की समस्याओं का शीघ्र से शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य सोसाइटियों में बिजली की सुविधा व शहर की विभिन्न कालोनियों में हाईवोल्टेज बिजली की मुख्य लाइन को हटवाने,गलियों में लटके बिजली के तारों को ठीक करवाने व भीषण



गर्मी में बिजली की किल्लत न होने की मांग भी मंत्री के समक्ष रखी। आरडब्ल्यूए, पार्श्वनाथ ने विधायक सुरेंद्र पंवार का धन्यवाद किया। एसोसिएशन के लीगल एडवाइजर एडवोकेट सौरभ सचदेवा ने बताया की पार्श्वनाथ बी ब्लॉक निवासी काफी लम्बे समय से बिजली का कनेक्शन के लिए प्रशाशनिक एवं कानूनी तोर पर लड़ाई लड़ रहे है। परन्तु अभी तक उसका समाधान नही हुआ है। जिसके चलते एसोसिएशन ने सोनीपत विधायक सुरेंद्र पंवार से समाधान के लिए आग्रह किया था। इस पर विधायक पंवार ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए खुद उनके

**8 शहरवासियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना ही उनका मुख्य धेय्य है, जिसके लिए वह लगातार संघर्षरत है**

साथ चंडीगढ़ बिजली मंत्री से मिलने गए एवं उनके समक्ष मजबूती से बात रखी। बिजली मंत्री ने तुरंत एस.ई सोनीपत के पास फोन कर इस समस्या का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। एसोसिएशन के प्रधान सुरेंदर सरोहा ने विधायक पंवार द्वारा किए गये प्रयास का धन्यवाद करते हुए कहा की जिस तरीके से बिजली मंत्री ने गंभीरता से समस्या सुनी एवं तुरंत समाधान के निर्देश दिए। उससे आशा की किरण जगी है कि जल्द ही निवासियों को बिजली उपलब्ध हो जाएगी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि उनका प्रयास है कि शहरवासियों को प्रत्येक मूलभूत सुविधाएं मिले। शहर के किसी भी नागरिक को सुविधाओं के आभाव में समस्या का सामना ना करना पड़े। इसके लिए चाहे उन्हें सड़क से लेकर सदन तक बेशक कितना भी संघर्ष क्यों ना करना पड़े। शहरवासियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना ही उनका मुख्य धेय्य है, जिसके लिए वह लगातार संघर्षरत है। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र सरोहा, उपप्रधान राकेश जैन, एडवोकेट सौरभ सचदेवा, धनराज जून, सचिन चांदना , धर्मपाल आंतिल, रवि जून, सुनील कुमार, अनिल, पूनम, कमलेश, मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक विरासत को संभालना हम सभी का उत्तरदायित्व: सुधीर जैन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**
**ज्ञान गंगा** मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में मंगलवार को विश्व विरासत दिवस (वर्ल्ड हेरिटेज डे) उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । स्कूल के विद्यार्थियों ने आकर्षक व ज्ञानवर्धक कोलाज बनाकर ऐतिहासिक स्थलों व सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण को लेकर जागरूकता संदेश दिया । चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि ऐतिहासिक विरासत को संभालना हम सभी का उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा कि हम जिस तरह अपने पूर्वजों के चीजों को संभाल कर रखते हैं ताकि हम भी अपने आने वाली पीढ़ी को वह धरोहर दे सकें जो हमें अपने पूर्वजों से मिला है। इसी तरह हमारी धरोहर हमारे ऐतिहासिक स्थल हैं जिसको देखने के लिए विदेशों से लोग आते हैं। उन्होंने कहा कि हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है । इसका उद्देश्य दुनिया भर के ऐतिहासिक स्थलों और सांस्कृतिक विरासतों को संरक्षण प्रदान करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि यूनेस्को अगर किसी जगह को 'वर्ल्ड हेरिटेज साइट' घोषित करता है, तो इसका सबसे बड़ा लाभ तो यही है कि उस स्थल का नाम पूरी दुनिया में चमक जाता है । ऐसी जगह पर्यटन के लिहाज से पूरे विश्व में प्रसिद्ध हो जाती है । उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमारी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत दोनों ही जीवन और प्रेरणा के स्रोत हैं। प्राचार्या रिचा चावला ने कहा कि दुनियाभर में कई सारी ऐतिहासिक धरोहर मौजूद हैं, जिन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। भारत में 40 धरोहरों को यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है । ताजमहल, आगरे का किला, अजंता की गुफाएं, एलोरा की गुफाएं, कोणार्क का सूर्य मंदिर जैसे 'वर्ल्ड हेरिटेज साइट' पर्यटन स्थल के तौर पर दुनिया भर में विख्यात है।

स्कूल में शिल्प कला अध्यापिका सपना की देखरेख में कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें औरशिया,आरुषि, खुशी ,मुस्कान, नैंसी, जया, खुशी, योगिता आदि ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया ।

विद्यार्थियों ने अपने कोलाज के माध्यम से विश्व के सभी ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों को बचाने के लिए जागरूकता का संदेश दिया।

## न्यूज फ्लैश

### कल सांसद कौशिक शताब्दी को दिखाएंगे हरी झंड़ी: भारद्वाज

**सोनीपत:** उत्तर रेलवे बोर्ड के सदस्य विक्की भारद्वाज ने बताया कि सांसद रमेश कौशिक के प्रयास से सोनीपत में शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव होगा। उन्होंने कहा कि सोनीपत में शताब्दी एक्सप्रेस को सांसद रमेश चन्द्र कोशिक द्वारा दिनांक 20-4-2023 सुबह 8 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायगा ।

### व्यापार मेला में विधि विवि के छात्रों ने दी मौलिक कर्तव्य के बारे में जानकारी

**सोनीपत: डॉ भीमराव** अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत द्वारा जिला व्यापार मेले में विश्वविद्यालय की स्टॉल लगाई गई। लीगल एड सेल के छात्रों ने जिला व्यापार मेले में उपस्थित लोगों को मौलिक कर्तव्यों और सूचना का अधिकार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के इतिहास के बारे में भी बताया जैसे राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान और कैसे स्वतंत्रता के लिये राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करें। ग्रामीणों को सूचना प्राप्त करने का प्रोसेस भी बताया और सूचना प्राप्त करने का कितना खर्चा आयेगा यह सारी जानकारी दी। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर नवनीत कृष्णा ने उपस्थित लोगों को बताया कि हमारे अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के बारे में जानना व समझना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारे मौलिक अधिकार जितने आवश्यक है उससे कहीं ज्यादा अधिक हमारे कर्तव्यों का पालन करना जरूरी है। कई बार ऐसा होता है कि हम अधिकार प्राप्त करने के लिए हमारे कर्तव्यों को भूल जाते है। कानून को जानना हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होता है ताकि हम अपना अधिकार समझ सकें और समझदार नागरिक बन सकें। लीगल एड सेल के इंचार्ज ने कहा कि जिला व्यापार मेले में लोगों को जागरूक करना और उन तक सही जानकारी पहुंचाना ही हमारे विश्वविद्यालय का उद्देश्य है। लीगल एड सेल के छात्र अनिर्वाण,आईना, सुधीर, सक्षम और अंकुश ने भी विचार व्यक्त किया।

### मानवीयता आधार पर आर्थिक सहायता के लिए उपायुक्त को सोंपा मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के नाम पत्र

**सोनीपत**
**नवरात्रों** में 25 मार्च को कुट्टू का आटा खाने से मृत्यु हो चुकी माँ भारती रक्तवाहिनी के सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता राजेश की विधवा आशा ने उपायुक्त को मुख्यमंत्री व स्वास्थय मंत्री के नाम पत्र लिखा है । उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से गुहार लगाई है कि उनके पति के जाने के बाद उनके परिवार में कोई भी कमाने लायक नही है दो नाबालिक बच्चे है व एक बूढ़ी सांस है । आशा स्वयं भी ब्रेन कैंसर से पीड़ित है ।इस स्थिति में अब परिवार का पालन पोषण करना दुर्लभ है । समाज कल्याण की सोच रखने वाले मेरे पति के मरणोपरांत उनकी आँखें भी दान कर दी व पति 45 बार रक्तदान भी कर चुके थे । ये सामाजिक कार्यो में लंबे समय से सोनीपत में रक्तदान करवाने में अग्रणीय सँस्था माँ भारती रक्तवाहिनी से जुड़े थे । आशा कश्यप ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से उचित आर्थिक सहायता की मांग की है । इस दौरान उपायुक्त सोनीपत को पत्र सौपते हुए उचित आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है । आशा द्वारा लिखे पत्र को माँ भारती रक्तवाहिनी , मेयर निखिल मदान , सोनीपत विधायक सुरेंद्र पवार , गौरव रामकरण सचिव रेड्क्रोस सोसायटी सोनीपत , भाजपा उपाध्यक्ष पुनीत त्यागी व मानवाधिकार संरक्षण संघ के द्वारा अनुशंसित किया गया है । यह पत्र सौपते हुए माँ भारती रक्तवाहिनी ,मानवाधिकार संरक्षण संघ ,समाज कल्याण शिक्षा समिति , सड़क सुरक्षा संघठन , सारथी जनसेवा चेरिटेबल ट्रस्ट , निशुल्क शिक्षा समिति आदि संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

### प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होंगी - विनीत वत्स

**सोनीपत:** कार्यकारिणी सदस्य हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग में विनीत वत्स ने कहा की प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होंगी। वत्स ने कहा की बीजेपी के राज में हर वर्ग परेशान हैं और खट्टर सरकार ने हरियाणा को खटारा बनाकर रख दिया। वत्स ने कहा की सोनीपत में कांग्रेस की सफल रेली रही। वत्स ने कहा की 42 डिग्री तापमान में जनसेलाब उमड़ा और लोगों में आक्रोश देखने को मिला। वत्स ने इस सफल रेली के लिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दीपेंद्र सिंह हुड्डा सभी कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्त्ता का आभार प्रकट किया।

# मीनू बेगा ने 37वी हरियाणा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्डमेडल हासिल किया

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**37 वी** हरियाणा स्टेट पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन भीम स्टेडियम भिवानी में किया गया।जो 15 अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रतियोगिता आयोजित की गई।इस प्रतियोगिता में मीनू बेगा के द्वारा 63 ˇ में कुल टोटल 392 ˇ उठा कर हरियाणा में गोल्ड मैडल प्राप्त किया।मीनू बजरंग हैल्थ क्लब गन्नौर के कोच संजय पहल की निगरानी में प्रेक्टिस करती हैं

कोच संजय पहल ने बताया कि मीनू उनके पास 12 साल



की थी जब से प्रेक्टिस कर रही हैं

इस दौरान मीनू ने सब जूनियर खेलते हुऐ अनेक गोल्ड,सिल्वर, एंव कांस्य पदक के साथ साथ सब जूनियर चैंपियनशिप जीत चुकी हैं अभी जूनियर वर्ग में जिलास्तरीय प्रतियोगिता में 9 अप्रैल को गोल्ड मैडल व स्ट्रोंगवमन खिताब हासिल किया हैं और अब 16 अप्रैल को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल प्राप्त कर पूरे हरियाणा में बजरंग हैल्थ क्लब के साथ गाँव बेगा एंव सोनीपत का नाम रौशन किया हैं कोच संजय पहल ने बताया कि अब मीनू तमिलनाडु में 12 से 17 मई को नैशनल प्रतियोगिता में हिस्सा ले कर बजरंग हैल्थ क्लब का नाम ऊंचा करेगी कोच ने मीनू के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ग्रामीण ने की गाली-गलौज, विरोध करने पर मां-बेटे को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मोहाना** थाना क्षेत्र में शराब पीकर घर में घुसकर गाली-गलौज करने व विरोध करने पर मां-बेटे को पीट-पीटकर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पिनाना निवासी एक महिला ने बताया कि वह घरेलू औरत है। गत 15 अप्रैल को करीब 6.30 बजे अपने घर पर मौजूद थी। उसी दौरान घर पर गांव का व्यक्ति शराब के नशे में घर के अंदर घुस आया। उसके लड़के साथ गाली-गलौच करने लगा। उसके जेठ ने गाली-गलौच का विरोध किया। इतना कहते ही व्यक्ति ने लाठी से उस पर हमला कर दिया। दोबारा से लाठी से हमला किया तो उसके लड़के ने रोकने की कोशिश की, उसके बाद व्यक्ति का लड़के व उसकी पत्नी घर में घुस आई। उसे लात-मुक्के मारने लगे। उसके लड़के पर भी हमला कर घायल कर दिया। उसने बचाओ-बचाओ चिल्लाया। मकान के सामने दुकान पर अमित आया। उसने बीच-बचाव करके छुड़वाया। आरोपित जाते समय जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के बाद चिकित्सक ने छुट्टी दे दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# नेट बॉल चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत/रमेश कुमार**
**13 अप्रैल** 2023 से 15 अप्रैल 2023 तक सिसाना सोनीपत के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित प्रथम सब जूनियर व जूनियर स्टेट फास्ट फाइव नेट-बॉल चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विदयालय का नाम रोशन कर दिया। इस चैंपियनशिप में लगभग 12 टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग में लिटल एंजल्स स्कूल के देव सिंह, तेजस्वी राणा, व आर्यन ने रोहतक की टीम को



30-24 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जूनियर बालिका वर्ग में खुशी, हर्षिता व यक्षिका ने पानीपत की टीम को 13-11 स्कोर से हराकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सब-जूनियर बालिका वर्ग में कृषिका मलिक ने पानीपत की टीम को 23-25 के स्कोर से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रांगण में सभी विजयी खिलाड़ियों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

# मुख्य अधिकारी ने विकास कार्यो का लिया जायजा

**सोनीपत: जिले** में पंचायत विभाग द्वारा किए जा रहे विकास कार्या का जायजा लेने के लिए सोमवार को मुख्य अभियंता पंचायती राज ईश्वर सिंह सोनीपत पहुंचे। जहां उन्होंने अलग-अलग गांवो में जाकर विकास कार्यो का जायजा लेकर कर्मचारी व अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।
उनके दौरे के दौरान पंचायत विभाग से अलग-अलग ब्लॉक के सेक्टरी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सोनीपत जिले में पंचायत विभाग व प्रदेश सरकार के दिशा-निदेशों पर विकास कार्य करवाएं जा रहे है। गांव बड़ौता में एनजीटी की तरफ से कार्य करवाया जा रहा है।

# सांसद रमेश कौशिक शताब्दी ठहराव की सोनीपतवासियों की वर्षों पुरानी मांग करने जा रहे पूरी

## नियमित रूप से किये गये प्रयास रंग लाये, 20 अप्रैल से सोनीपत में होगा शताब्दी का ठहराव: रमेश कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सुपरफास्ट ट्रेन** शताब्दी एक्सप्रेस के सोनीपत रेलवे स्टेशन पर ठहराव संबंधी सोनीपतवासियों की वर्षों पुरानी मांग को सांसद रमेश कौशिक पूरी करने जा रहे हैं। सांसद कौशिक का कहना है कि 20 अप्रैल से सोनीपत रेलवे स्टेशन पर शताब्दी का ठहराव प्रारंभ होगा, जिससे रेलयात्रियों को खासी सुविधाएं मिलेगी। शताब्दी के सोनीपत ठहराव के लिए किए गए सांसद रमेश कौशिक के अथक प्रयास रंग



लाये हैं। अति शीघ्र सोनीपत के रेलयात्रियों को शताब्दी का तोहफा मिलने जा रहा है। सोनीपत में शताब्दी के पहले ठहराव के मौके पर स्वयं सांसद कौशिक रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहेंगे और हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना करेंगे। सोनीपत के लिए यह ऐतिहासिक क्षण होंगे। सांसद कौशिक कहते हैं कि शताब्दी के ठहराव का बड़ा लाभ रेलयात्रियों को मिलेगा। दैनिक रेलयात्रियों को भी इससे खासा फायदा होगा। अब ट्रेन के माध्यम से चंडीगढ़ सुबह जाकर सांयकाल वापस आना बहुत सरल हो जाएगा। यह सुपरफास्ट ट्रेन है, जिससे लोगों को समय की बचत मिलेगी। लंबे रूट के रेलयात्रियों को इससे खासा फायदा होगा। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि रेल सुविधाओं की बढ़ोतरी और बेहतरी के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहते हैं। आम जनमानस को अच्छी रेल सुविधाएं प्रदान करना उनका लक्ष्य रहा है। उन्होंने बताया कि रेल सुविधाओं में लगातार वृद्धि की गई है। सोनीपत से जींद रेल लाइन भी इसमें शामिल है। सोनीपत रेलवे स्टेशन को भी अत्याधुनिक बनाया गया है, जिससे रेलयात्रियों को अच्छी सुविधा मिल रही है।

# पानीपत में बेशहारा घुमने वाले गौवंश के विरोध में किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत शहर** में घुमने वाले बेसहारा गौवंश का समाधान न होने पर जन आवाज सोसाइटी के प्रधान जोगिंद्र स्वामी व समिति सदस्य विरोध स्वरूप मंगलवार को एक सांड लेकर देवी लाल काम्पलैक्स स्थित नगर निगम आयुक्त कार्यालय के बाहर पहुंचे और वहां पर पूरे रिति रिवाज के साथ सांड की नगर निगम के साथ शादी करवाई गई। समिति सदस्यों ने शादी करवाने के लिये पंडित पूर्ण चंद जी महाराज को बुलाया गया था और पंडित ने पूरे मंत्रोच्चारण के साथ ही निगम व सांड की शादी करवाई गई। जोगिंद्र स्वामी ने शादी करवाने पर पंडित पूर्ण चंद को 525 रूपए दक्षिणा भी देनी चाही पर उन्होंने शहर वासियों की भलाई का काम होने की बात कहकर दक्षिणा लेने से मना कर दिया। हालांकि जोगिंद्र स्वामी ने कहा कि शादी में दक्षिणा देना भी जरूरी होता है तो पंडित ने 101 रूपए दक्षिणा लेना स्वीकार किया। जोगिंद्र स्वामी ने कहा कि शहर में कई हजार घुमने वाले बेसहारा गौवंश से हादसे हो रहे है और इससे कई लोगों की जान जा चुकी है जबकि अनेकों लोग घायल हो चुके है। वहीं जिस समय सांड व नगर निगम की शादी करवाई जा रही थी तो उसी दौरान सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट भी नगर निगम कार्यालय जा रहे तो जोगिंद्र स्वामी व अन्य लोगों ने उसको खरी खोटी सुनवाई।

सांड की शादी करवाने के बाद नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन देकर बेसहारा पशुओं के समाधान की मांग की गई। वहीं स्वामी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक माह में शहर में घुमने वाले बेसहारा पशुओं का समाधान नहीं किया गया तो विधायकों और पार्षदों के निवास पर पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे और उनके घर पर दो- दो सांडों को बांधा जाएगा। इस अवसर पर रणजीत भोला, सरदार कवलजीत सिंह, सीए गोविंद सैनी, ईश्वर बैरागी, कुलदीप शर्मा, राजेश शर्मा, बलबीर सिंह, अमित श्रीवास्तव, उदय शर्मा, सुनील धीमान, सुनील डावर ,सुमित भारद्वाज व विकास सिंगल आदि मौजूद रहे।

# आर्य पीजी कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

## मुख्य अतिथि सुरेंद्र शिंगला और प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेताओं को बांटे पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**
पानीपत के जीटी रोड स्थित आर्य पीजी कॉलेज में मंगलवार को 69वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज के प्रतिभाशाली खिलाडियों ने अपने हुनर से सभी का दिल जीत लिया। आर्य कॉलेज की प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला ने प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य अतिथि सुरेंद्र शिंगला का बुके व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र शिंगला और कॉलेज प्राचार्य डॉ.



जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए डॉ. जगदीश गुप्ता ने कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. नरेश सैनी व विभाग के सभी प्राध्यापकों व प्रशिक्षकों को बधाई दी। वहीं कॉलेज प्रबंधक समिति के वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र शिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य व अरुण आर्य ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। मंच संचालन डॉ. गीतांजली व डॉ. दिनेश गाहल्याण ने किया। मुख्यतिथि सुरेंद्र शिंगला ने कहा कि शैक्षणिक व सांस्कृतिक क्षेत्र की भांति खेल के क्षेत्र में भी महाविद्यालय की उपलब्धियां शानदार हैं और हमारे होनहार खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि 69 वीं खेलकूद प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में हर्ष व महिला वर्ग में नीतु बेस्ट एथलीट चुने गये।

# प्रॉपर्टी डीलर को पिस्तौल का बट मारकर 2 लाख रुपये लूटे

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव नाहरी में प्रॉपर्टी डीलर के सीने पर पिस्तौल अड़ाकर तीन बदमाशों ने दो लाख रुपये की नकदी लूट ली। जब प्रॉपर्टी डीलर ने बदमाशों का विरोध किया तो आंख के पास बट मारकर उसे घायल कर दिया। पीड़ित प्रॉपर्टी डीलर अपने पड़ोसी प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में रुपये लेने गया था। वह रुपयों की गिनती कर रहे थे इसी दौरान आए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। बाद में बदमाश बाइक पर सवार होकर भाग गए। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव नाहरी निवासी सतपाल सिंह ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर हैं। उन्होंने गांव नाहरी के पास ही दिल्ली के लामपुर बॉर्डर के निकट श्री कृष्णा प्रॉपर्टीज के नाम से अपना कार्यालय बना रखा है। उनके पास ही दिल्ली के गांव बुढ़पुर निवासी दिनेश कुमार कामत ने श्री बांके बिहारी प्रॉपर्टीज के नाम से अपना कार्यालय बना रखा है। सतपाल ने बताया कि रविवार को देर शाम वह दिनेश कुमार कामत के कार्यालय में कुछ पिछले लेन-देन के रुपये लेने गए थे। दिनेश ने उन्हें दो लाख रुपये दे दिए। वह वहीं कुर्सी पर बैठकर रुपये मेज पर रखकर गिनने लगे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 19 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# अतीक के पुश्तैनी इलाके में सन्नाटा...

## खंडहर हो चुकी हवेली, भूख से बेहाल पालतू कुत्ते, हर 500 मीटर पर बुलडोजर से गिरे घर

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**अतीक**-अशरफ हत्याकांड के बाद प्रयागराज में उसके पुश्तैनी इलाके चकिया और कसारी-मसारी में 48 घंटे कैसे बीते? पुश्तैनी इलाका इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि ये वही इलाका है, जहां अतीक-अशरफ पैदा हुए, विधायक बने और दफनाए गए। यहीं की इलाहाबाद पश्चिमी सीट से अतीक 5 बार और अशरफ एक बार विधायक चुना गया।



प्रयागराज रेलवे स्टेशन से 4 किमी दूर अतीक के हवेलीनुमा पुश्तैनी मकान पहुंचे, जो अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। अहाते और सड़क पर पुलिस तैनात है। अंदर बाड़े में बंद अतीक के पाले 2 कुत्ते हैं। दोनों भूखे हैं। किसी की आहट पाते ही भौंकने लगते हैं। चकिया से कसारी तक करीब हर 500 मीटर पर एक-एक खंडहरनुमा घर हैं। ये घर अतीक के गुर्गों के हैं, जिन्हें बुलडोजर से गिराया गया है। गलियों में सन्नाटा है। हम लोग बढ़ रहे थे, तभी एक घर की खिड़की के अंदर से आवाज आई। जो है ठीक है, लेकिन जो हुआ वो ठीक नहीं है। हमने पूछा बाहर आकर कुछ बोलिए...लेकिन फिर वे न बाहर आए न कोई जवाब आया। अतीक-अशरफ को जिस कॉल्विन हॉस्पिटल के गेट पर शनिवार रात को गोलियां मारी गई थीं। यह इलाका कभी अतीक का गढ़ हुआ करता था। अतीक के पुश्तैनी मकान से बमुश्किल 2 से 3 किमी दूर है। स्थानीय लोग बताते हैं कि अतीक का काफिला पहले जब यहां से गुजरता था, तो सड़क के दोनों तरफ लोग खड़े होकर सलाम बोलते थे। उसकी हत्या के बाद यहां दुकानों के शटर गिरे हुए हैं। बाजार में सन्नाटा पसरा है। इंटरनेट शटडाउन है। ऐसा लग रहा कि मानो सुबह ही नहीं हुई।

### खंडहर बना मकान

**▪ खंडहर में पड़ी पुरानी साइकिल, लोहे के रॉड तक ले जाने की किसी ने हिम्मत नहीं की**

कॉल्विन से चकिया की ओर बढ़ते हैं, तो एक से डेढ़ किमी की दूरी पर एक हवेलीनुमा ढहा मकान दिखता है। पूछने पर पता चलता है कि यह अतीक का दफ्तर था। जिसे प्रशासन ने गिरवा दिया। बगल में खड़ा एक शख्स तेज आवाज में कहता है, नहीं ये अतीक का टॉर्चर रूम था। यहीं पर अतीक लोगों को बंधक बनाकर रखता था। उमेश पाल को जब किडनैप किया था न, तो यहीं पर रखा था। अभी भी खंडहर के ऊपर अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन का नीले रंग का पोस्टर और बसपा का झंडा लहरा रहा है। अतीक अहमद इसी की बालकनी से निकलकर लोगों का सलाम कबूल करता था। यहां से आगे बढ़ते हैं तो लगने लगता है कि चकिया में एंट्री हो चुकी है। कदम-कदम पर फोर्स। जगह-जगह बैरिकेडिंग। हर 500 मीटर पर एक मकान पर बुलडोजर चला हुआ। ये अतीक और उनके गैंग से जुड़े लोगों के घर हैं, जो 2017 में योगी सरकार के आने के बाद गिराए गए हैं। ऑफिस से डेढ़ से 2 किमी आगे आने पर अतीक का पुश्तैनी घर है। वहां अब बस घर के निशान हैं, लेकिन आकार किसी शाही हवेली जैसा दिखता है। अतीक के रुतबे का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि खंडहर में पड़ी पुरानी साइकिल, लोहे के रॉड तक ले जाने की किसी ने हिम्मत नहीं की। आसपास के लोग बिना कैमरे में सामने आए बताते हैं कि यहीं पर अतीक की अदालत लगती थी।

# पूर्व सीएम कमलनाथ ने लाड़ली बहना योजना पर साधा निशाना

## शिवराज सरकार को चुनाव के समय आ रही माताओं-बहनों की याद

### आरोप लगाया

**▪ जब पिछले 18 सालों में प्रदेश महिला अत्याचार में नंबर एक था तब इन्हें लालड़ी बहनों की याद क्यों नहीं आई?**



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मध्य प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने एक बार फिर प्रदेश सरकार की लाड़ली लक्ष्मी योजना पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव पहले शिवराज सरकार को महिला वोट लेने के लिए लाड़ली बहनों की याद आ रही है। जब पिछले 18 सालों में प्रदेश महिला अत्याचार में नंबर एक था तब इन्हें लालड़ी बहनों की याद क्यों नहीं आई? वहीं कमलनाथ ने एक बार फिर कांग्रेस सरकार बनने पर माताओं बहनों को 1500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा भी दोहराया। कमलनाथ ने मंगलवार को जारी अपने बयान में शिवराज सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 18 सालों से प्रदेश में भाजपा की सरकार है और महिला अत्याचार एवं बलात्कार के मामले में प्रदेश निरंतर देश में नम्बर एक स्थान पर रहा है। 18 साल में भाजपा सरकार को महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की याद नहीं आई, पर अब चुनाव सामने दिखने लगे हैं तो चुनाव के 4-6 महीने पहले लाड़ली बहनों की याद आ रही है। कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश की आम जनता और बहन बेटियां सच्चाई अच्छे से समझती हैं और गुमराह नहीं होगी। कमलनाथ ने कहा कि योजना की घोषणा होने के बाद से अब तक कई इवेंट हो गये। करोड़ों रुपए खर्च कर दिये गये पर आज तक 1 रुपया किसी बहन बेटी को नहीं मिला है। अपनी पार्टी के प्रचार के लिए अपने आयोजनों को सरकारी जामा पहनाकर इवेंटबाजी करने का खर्चा करदाताओं की जेब से काट रही है।

# 'नाकामियां छुपाने को नए-नए मुद्दे उछाल रही भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में विकास के सभी काम ठप हैं। जनहित की योजनाओं पर या तो ताला लगा है अथवा उनमें जानबूझकर देरी की जा रही है। भाजपा के संकल्प पत्र के तमाम वादे अब रद्दी में तब्दील हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियां छुपाने के लिए नित नए-नए मुद्दे उछाल रही है। अखिलेश ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि कालीन की विश्व प्रसिद्ध नगरी ज्ञानपुर में जलजीवन मिशन योजना सुस्त पड़ी हुई है। अगस्त 2019 में इस मिशन की शुरूआत हुई थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 989 राजस्व गांवों में अब तक एक भी गांव में पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी है। नई टंकियों का निर्माण अधूरा है। सड़कों के गड्ढे भरे जाने की तारीख पर तारीख घोषित होती रही, लेकिन वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है। तमाम सड़कें ऊबड़खाबड़ पड़ी हैं, जिस पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। भदोही में डेडलाइन पूरी हो जाने के बाद भी जलजीवन मिशन के तहत पेयजल टंकी का काम अधूरा है। अप्रैल में 40 गांवों तक पानी पहुंचाने का दावा खोखला साबित हो रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बिजली कटौती से किसानों की मक्का की फसल प्रभावित हो रही है। बिजली की समस्या से किसान परेशान है। सिंचाई नलकूपों में बिजली मुश्किल से 4-5 घंटे मिल रही है। सपा सरकार में बिजली उत्पादन और वितरण की जो व्यवस्था बनी थी, वह भाजपा सरकार में बर्बाद हो गई। बिजली वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली कटौती से जनता परेशान है।



### साधा निशाना

**▪ ऐसे अपराधी जिन्होंने पूर्व की सरकारों के संरक्षण में अपराध का पूरा नेटवर्क खड़ा कर लिया था**

# उत्तराखंड: विधर्मियों की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**

**श्री तपस्थली** ब्रह्मपुरी आश्रम में जुटे संतों ने गंगा की अविरलता, को बनाए रखने के साथ राज्य में बढ़ रहे सरकारी भूमि पर कब्जों, विधर्मियों के भूमि जिहाद, लव जिहाद समेत कई मुद्दों पर मंथन कर धामी सरकार के निर्णय का समर्थन किया। उन्होंने इस प्रकार की गतिविधियों को संचालित करने वाले लोगों के विरुद्ध भी आवश्यक कदम उठाए जाने का भी प्रस्ताव पारित किया। मंगलवार को महामंडलेश्वर दयाराम दास महाराज की अध्यक्षता में भाजपा के पूर्व थिंक टैंक रहे आचार्य गोविंदाचार्य ने गंगा की अविरल धारा और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जन जागरण किए जाने का आह्वान करते हुए कहा कि गंगा हमारी जीवन रेखा है, जिसे बचाए जाने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। उन्होंने गंगा किनारे के शहरों में बिकने वाले मांस मदिरा को भी पूरी तरह प्रतिबंधित कर तीर्थों की गरिमा को बनाए रखने के लिए राज्य सरकार से भी आह्वान किया। महामंडलेश्वर ईश्वर दास महाराज ने भी गोविंदाचार्य की बात का समर्थन करते हुए कहा कि इस अभियान में सरकार के किए जा रहे ये प्रयास तब तक सफल नहीं होंगे, जब तक कि लोगों की इस कार्य में सहभागिता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि गोविंदाचार्य ने 2020 में इसी जगह से गंगा की अविरलता को बचाए रखने के लिए एक यात्रा शुरू की थी। महामंडलेश्वर दयाराम दास महाराज ने बताया कि मंथन बैठक में कई बिंदुओं पर संत समाज ने चर्चा की। इसमें प्रमुख रूप से विषय था कि निर्मल गंगा अविरल गंगा में जो गंदगी फैलाकर नदी को गंदा कर रहे हैं, उसको कैसे रोकें।



### मंथन

**▪ गंगा हमारी जीवन रेखा है, जिसे बचाए जाने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे: आचार्य गोविंदाचार्य**

# ३. बिहार में अब तक चमकी बुखार के 12 मामले मिले

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**उत्तर** बिहार में मासूम बच्चों के लिए चमकी बुखार काल बनता जा रहा है। पीड़ितों का आंकड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। अब तक पीड़ित बच्चों की संख्या 12 हो गई है। राज्य का स्वास्थ्य विभाग चमकी बुखार से बच्चों को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने का अभियान चला रहा है।इस वर्ष पहला केस पूर्वी चंपारण जिले से 16 जनवरी को एसकेएमसीएच पहुंचा था। एसकेएमसीएच के आंकड़ों की मानें तो अब तक मोतिहारी से एक, सीतामढ़ी से एक और मुजफ्फरपुर से 10 केस सामने आए हैं। सबसे अच्छी बात है कि सभी 12 बच्चे ठीक होकर वापस घर जा चुके हैं। इलाके में गर्मी प्रचंड हो रही है, ऐसे में बच्चों का ख्याल ज्यादा रखना जरूरी है। पूर्व के वर्षों का अध्ययन करें तो जैसे-जैसे गर्मी अपना रौद्र रूप धारण करती है, वैसे-वैसे इस बीमारी से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ने लगती है। मुजफ्फरपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग ने तरह-तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपने बच्चों को तेज धूप में बाहर नहीं निकलने देने, कोई जूठा फल ग्रामीण इलाकों के बगीचे से ना खाने की सलाह दी है।

# बेलारूस में रूस को नहीं करने दी जाएगी हथियारों की तैनाती

**टीम एक्शन इंडिया/टोक्यो**

**जी**-7 देशों ने फैसला लिया है कि रूस को बेलारूस में हथियारों की तैनाती नहीं करने दी जाएगी। जापान के नागानो में चल रही जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के बेलारूस में हथियार तैनात करने के फैसले की निंदा भी की गयी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने हाल ही में ऐलान किया था कि यूक्रेन से सटे बेलारूस में रूस के परमाणु हथियार तैनात किए जाएंगे। राष्ट्रपति पुतिन ने यूरोप का जिक्र करते हुए कहा था कि अमेरिका ने यूरोप में कई जगहों पर अपने परमाणु हथियार रखे हैं, उसकी तुलना में उनका ये कदम परमाणु निरस्त्रीकरण समझौतों का उल्लंघन नहीं होगा। इस फैसले को जी-7 देशों ने स्वीकार नहीं किया है।

जापान के नागानो में स्थित करुइजावा में जी-7 देशों अमेरिका, इंग्लैंड, जापान, इटली, जर्मनी, फ्रांस व कनाडा के विदेश मंत्रियों ने बेलारूस में रूस के हथियार तैनात करने की घोषणा की निंदा की।




# सैन्य धाम निर्माण कार्यों में लाएं और तेजी: धामी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सैन्यधाम के निर्माण कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सैन्य धाम का स्वरूप भव्य और दिव्य होने के साथ उत्तराखंड की झलक भी दिखना चाहिए। मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सैन्य धाम (शौर्य स्थल) कल गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सैन्य धाम का स्वरूप भव्य एवं दिव्य हो, इसके लिए अन्य राज्यों के सैन्य धामों (शौर्य स्थलों) की जो स्टडी की गई है।

# शूटरों के जिला जेल में डीएम-एसपी का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/प्रतापगढ़**

जिलाधिकारी डॉ. नितिन बंसल और पुलिस अधीक्षक सतपाल ने मंगलवार को जिला जेल की सुरक्षा व्यवस्था का जाएजा लेने के लिए औचक निरीक्षण किया है।यहां की जेल में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के हत्यारे कैद है। दोनों अधिकारियों ने करीब सवा घंटे से तक प्रत्येक जेल का औचक निरीक्षण किया है। जेल सूत्रों की माने तो डॉन बदर्स के हत्यारों की बैरक में अधिकारियों ने चेकिंग की है। निरीक्षण के दौरान जेल में अफरा-तफरी का माहौल बन रहा है। बैरकों की छानबीन के दौरान कोई भी प्रतिबंधित सामान नहीं मिला है। बंदियों से उनके खाने-पीने और जेल में मिली सुविधाओं के बारे में पूछा। दोनों अधिकारियों के वापस लौटने के बाद जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि अतीक और अशरफ की हत्या करने वाले हत्यारों को सोमवार दोपहर कड़ी सुरक्षा में नैनी जेल से उन्हें यहां पर शिफ्ट किया गया है। नैनी जेल में तीनों की जान की खतरा होने पर यहां भेजा गया है।



### टारगेट फिक्स

कानून व्यवस्था बनाये रखना पुलिस की पहली प्राथमिकता,

# माफिया पुलिस की रडार पर, पुलिस के पास हर अपराधियों की कुंडली

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**कानून-व्यवस्था को** बनाये रखने के लिए प्रदेश की योगी सरकार धर्म और जाति को लेकर कार्रवाई नहीं करती है। बल्कि निशाने पर वो लोग हैं, जो खुद को जुर्म की दुनिया का बेताज बदशाह समझता है। ऐसे अपराधी जिन्होंने पूर्व की सरकारों के संरक्षण में अपराध का पूरा नेटवर्क खड़ा कर लिया था। वसूली, हत्या, रेप, लूट और अवैध कब्जा जैसे जघन्य अपराध इनके लिए मामूली घटनाएं हुआ करती थीं। जिन्हें न पुलिस का डर था और न ही किसी एक्शन की परवाह। आज ऐसे सभी अपराधी प्रदेश सरकार की सख्त छवि और अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति से भयभीत हैं।



**यूपी पुलिस के पास मोस्ट वांटेड की सूची मौजूद:** अल्पसंख्यक हों या बहुसंख्यक, पिछड़ी जाति हो या अगड़ी, अपराधों के प्रति योगी सरकार सख्ती से निपट रही है। इसका सटीक उदाहरण यूपी पुलिस की मोस्ट वांटेड क्रिमिनल सूची है। जिसमें उन लोगों को शामिल किया गया है, जिन्होंने गंभीर अपराध किए हैं। यह सूची धर्म और जाति को आधार बनाकर तैयार नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद विपक्षी नेता योगी सरकार पर अल्पसंख्यक विरोधी होने का आरोप लगा रहे हैं। ऐसे नेताओं के लिए यूपी पुलिस की मोस्ट वांटेड की सूची सबसे बड़ा सबक है।

**प्रदेश में सूचीबद्ध किए गए माफिया: मेरठ जोन:** उधम सिंह, योगेश भदोड़ा, बदन सिंह उर्फ बद्दो, हाजी याकूब कुरैशी, शारिक, सुनील राठी, धर्मेंद्र, यशपाल तोमर, अमर पाल उर्फ कालू, अनुज बारखा, विक्रांत उर्फ विक्की, हाजी इकबाल उर्फ बाला, विनोद शर्मा, सुनील उर्फ मूंछ, संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा व विनय त्यागी उर्फ टिंकू, आगरा जोन के अनिल चौधरी व ऋषि कुमार शर्मा, बरेली जोन के एजाज, कानपुर जोन के अनुपम दुबे।